हरिभूमि
# रायपुर भूमि

- दिन में आम रास्ते को पियक्कड़ बना रहे मयखाना
- शहर में अहाता खुलने के बाद भी लोग आम रोड पर गटक रहे शराब



### हत्या की घटना तक घटित हो चुकी

दलदल सिवनी शराब दुकान में सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के दौरान दो गुट आपस में भिड़ गए थे। गुटीय विवाद पर दो पक्षों में जमकर चाकूबाजी की घटना हुई थी। चाकूबाजी की घटना में दो युवकों की मौत तक हो चुकी है। इसके बाद पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई शुरू की है।



चखना सेंटर ने बढ़ाई परेशानी

गौरतलब है कि शराब दुकान के आसपास खाने-पीने का सामान बेचने कई ठेला-खोमचा संचालित होते हैं। पियक्कड़ उन्हीं ठेला-खोमचे वालों से चखना के साथ पानी, गिलास खरीद कर ठेला के आसपास या थोड़ी दूर जाकर शराब पीते हैं। इसके कारण शराब दुकान के आसपास शराब पीने वालों का मजमा लगा रहता है। पुलिस को ठेला-खोमचा के आसपास निगरानी कर पियक्कड़ों के खिलाफ दिन के समय कार्रवाई करने की जरूरत है।

# रात में पियक्कड़ों पर पुलिस की कार्रवाई, दिन में शराबियों ने खुलेआम छलकाए जाम

किशन लोखंडे के साथ गिरीश केशरवानी ▶▶| रायपुर

एसएसपी डॉ. संतोष सिंह के निर्देश पर पुलिस सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने अभियान चला रही है। पिछले दो दिनों में पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के आरोप में सौ से ज्यादा पियक्कड़ों के खिलाफ कार्रवाई की है, उन्हें पकड़कर कानूनी कार्रवाई की गई। पुलिसिया धरपकड़ से रातभर शराबियों में हड़कंप मचा रहा। वहीं इसकी दूसरी तस्वीर दिन में नजर आई। हरिभूमि ने शहर का मुआयना किया। देखा कि रात में पुलिस की कार्रवाई से बेखबर पियक्कड़ दिन में खुलेआम ▶▶|शेष पेज 13 पर



### बदमाशों का लगा रहता है जमावड़ा

बदमाशों का शराब दुकान के आसपास जमावड़ा रहता है। बदमाश शराब पीने लोगों के साथ मारपीट कर पैसे लूटने तक की घटना को अंजाम देते हैं। ऐसे ही एक मामले में तीन दिन पूर्व बदमाशों ने शराब पीने पैसा लूटने फाफाडीह, पंडरी शराब दुकान में चाकूबाजी की घटना को अंजाम दिया था।

---

नहीं हो रही सप्लाई दवाओं की, हर महीने दस हजार टेबलेट की जरूरत

# सबसे बड़े अस्पताल में दवाओं का टोटा सर्दी-जुकाम बुखार की दवाएं तक नहीं

विकास शर्मा ▶▶| रायपुर

प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी डा. बीआर आंबेडकर अस्पताल के मिनी स्टोर (दवा वितरण केंद्र) में जरूरी दवाओं का टोटा है। इलाज के लिए दूरदराज से ओपीडी में आने वाले मरीजों को सर्दी-जुकाम, बुखार, बदहजमी, एंटीबायोटिक जैसी दवाएं बाहर मेडिकल से खरीदनी पड़ रही हैं। मरीजों की जरूरत के हिसाब से हर माह कई दवाओं की करीब दस हजार टेबलेट की आवश्यकता होती है। बावजूद इसके दवाओं की डिमांड के बाद भी सप्लाई नहीं हो पा रही है।

सरकारी अस्पतालों में निशुल्क उपचार और निशुल्क दवाइयों की योजना तो बनाई जा रही है, मगर इसे कार्यरूप में लाने के सिस्टम पूर्ण विकसित नहीं हो पा रहा है। इसकी वजह से गरीब तबके के मरीजों को भी अपने इलाज के लिए दवाओं पर पैसे खर्च करने की मजबूरी है। राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल के रूप में पहचाने वाले जाने वाले आंबेडकर अस्पताल में आवश्यक दवाइयों की आपूर्ति का सिस्टम भी पूरी तरह अपडेट नहीं हो पाया है। अस्पताल में ओपीडी में आने वाले मरीजों को दवा वितरण के लिए वहां मिनी स्टोर ▶▶|शेष पेज 13 पर

### डॉक्टरों की पर्ची पर बाहरी दवा दुकानों से खरीदना मरीजों की मजबूरी




#### दूर करेंगे समस्या

मिनी स्टोर में दवाइयों की अनुपलब्धता की जानकारी जिम्मेदारों से लेकर तत्काल इसे दूर किया जाएगा। मरीजों को दवा के संबंध में असुविधा नहीं होनी चाहिए।

- डा. संतोष सोनकर
चिकित्सा अधीक्षक
आंबेडकर अस्पताल

#### प्रतिदिन दो हजार की ओपीडी

आंबेडकर अस्पताल में प्रतिदिन होने वाली ओपीडी में डेढ़ से दो हजार मरीज अपनी जांच और आवश्यक इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमें शहर के अलावा ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले लोग भी होते हैं। सरकारी अस्पताल में इलाज कराने वाले 70 फीसदी मरीज निम्न आय वर्ग के होते हैं। अस्पताल में इन्हें निशुल्क डाक्टरी जांच की सुविधा तो मिल जाती है मगर दवाओं के लिए उन्हें पैसे खर्च करने पड़ते हैं।

#### इस तरह की प्रमुख दवाएं नहीं

1. एस्पिरिन- सिरदर्द, दांत, सर्दी, जुकाम, फ्लू, तेज बुखार जैसी बीमारियों के इलाज के लिए उपयोग होती है।
2. पैंटोप्राजोल- पेट में एसिड, सीने में जलन, गैस्टिक संबंधी अन्य समस्याओं को दूर करने के लिए उपयोगी।
3. एसीब्रोफेलाइन- अस्थामा और क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज की रोकथाम के लिए।
4. डोक्सोफीलाइन- सांस संबंधी परेशानी से राहत के लिए, त्वचा की रक्षा के लिए उपयोग विटामिन सी भी नहीं।
5. सेफीक्सीम- शरीर में होने वाले इंफेक्शन की रोकथाम के लिए उपयोगी।
6. इबगेसिक ओरल सस्पेंशन- तेज बुखार को कम करने के लिए उपयोग किया जाता है।
7. लेवोसेटिरिज़िन टैबलेट- विभिन्न वजह से शरीर में होने वाली एलर्जी की रोकथाम के लिए दी जाती है।
8. सेरोपेप्टेज- शरीर में होने वाल सूजन को कम कने वाली दवा, दंत चिकित्सा में भी उपयोगी।

# आरसी बुक देखे बिना बना रहे बाइक-कार की डुप्लिकेट चाबी चोरी की एक वजह यह भी


ललित राठोड़ ▶▶| रायपुर

राजधानी में वाहन चोरी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। चोरों का शातिर गिरोह शहर में बड़ी आसानी से हर महीने दर्जनों गाड़ियों की चोरी कर रहा है। लगातार वाहनों के चोरी की एक वजह बिना जांच के डुप्लिकेट चाबी तैयार करना भी है। नियमानुसार चाबी दुकानों बिना में रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट बुक, आरसी की जांच किए बगैर डुप्लिकेट चाबी तैयार नहीं करना है, लेकिन शहर में मात्र 100 रुपए में नई चाबी तैयार की जा रही है। हालांकि कई दुकानदारों ने बोर्ड पर लिखकर जरूर रखा है कि ओरिजनल आरएसी दिखाने पर ही चाबी बनाई जाएगी, लेकिन इस नियम का पालन कहीं नहीं हो रहा है।

हरिभूमि टीम ने जब इसकी पड़ताल की, तो पता चला कि चाबी नहीं होने की स्थिति में बाइक व कार का लॉकर लाकर देने से भी दुकानों में बड़ी आसानी से नई चाबी चंद मिनटों में बनाकर दी जा रही है। दुकानदार यह भी जांच नहीं कर रहे हैं कि गाड़ी ▶▶|शेष पेज 13 पर

#### शहर में डुप्लिकेट चाबी बनाने दर्जन से अधिक दुकानें, 100 रुपए में बिना आरसी दिखाए मिल रही नई चाबी





**केस 1 कबीर नगर**

बाइक की डुप्लिकेट चाबी बनाने पर दुकानदार ने आरसी बुक दिखाने की बात नहीं कही। पूछे जाने पर कहा कि इसकी जरूरत नहीं है। 10 मिनट इंतजार करना होगा डुप्लिकेट नई चाबी मिल जाएगी।

**केस 2 आजाद चौक**

बाइक की चाबी गुम हो जाने की बात कहने पर दुकानदार ने कहा कि बाइक से लाकर ले आओ लॉकर के जरिए नई चाबी तैयार कर देंगे। 100 रुपए शुल्क लगेगा। इसके साथ ही आरसी बुक दिखाना जरूरी नहीं बताया।

**केस 3 सुंदर नगर**

दुकानदार ने बोर्ड पर लिखा था कि नई चाबी के लिए आरसी बुक लाना होगा, लेकिन नई चाबी के लिए आरसी दिखाने को नहीं कहा गया। बिना जांच के मशीन के जरिए अन्य लोगों की डुप्लिकेट चाबी तैयार की जा रही थी।






# रायपुर शहर जिला में अब भाजपा के 20 मंडल, चार नए बनाने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

## प्रदेश संगठन का फैसला एक मंडल में 45 से 50 बूथ होंगे




भाजपा के संगठन चुनाव के बीच में शहर जिला रायपुर की कार्यशाला में शनिवार को चार नए मंडल बनाने का फैसला किया गया। इसी के साथ अब रायपुर शहर जिला में भाजपा के 16 के स्थान पर 20 मंडल हो गए हैं। अब यहां पर 20 मंडल अध्यक्षों का चुनाव होगा। प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने बताया, कई मंडलों में 80 से 90 तक बूथ हैं। ऐसे में एक मंडल में 45 से 50 बूथ करने का फैसला किया गया है।

रायपुर के साथ प्रदेशभर के जिलों में जहां पर एक मंडल में ज्यादा बूथ हैं, वहां पर मंडलों की संख्या में इजाफा किया जाएगा। कार्यशाला में जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल ने बताया, प्रदेश संगठन से हमने रायपुर में मंडलों की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव रखा था जिसे प्रदेश संगठन द्वारा स्वीकार्य कर लिया गया है और अब रायपुर शहर जिला में 16 की जगह 20 मंडल होंगे। रायपुर शहर जिला में 4 नए मंडल मां बंजारी मंडल, मोवा मंडल, टाटीबंध मंडल और भाटागांव मंडल बनाए गए हैं। ये मंडल आज से तत्काल प्रभाव में अस्तित्व में आ जाएंगे साथ ही रामसागर पारा मंडल का नाम अब रामनगर मंडल के नाम से जाना जाएगा। संगठन चुनाव रायपुर सहप्रभारी राजीव अग्रवाल ने संगठन चुनाव संबंधित विस्तृत जानकारी को वृत्त की तरह रखा। उन्होंने मंडल वार बूथ कमेटी के गठन का आंकड़ा रखा। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, प्रक्रिया के माध्यम से क्रमशः बूथ द्वारा मंडल अध्यक्ष , मंडल अध्यक्षों द्वारा जिला और जिला अध्यक्षों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा जिसके पश्चात हमें नए राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलेंगे। रायपुर शहर जिला के संगठन चुनाव प्रभारी शिवरतन शर्मा ने संगठन चुनाव के संबंध में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। संगठन चुनाव रायपुर शहर जिला के चुनाव समन्वयक नारायण चंदेल ने भी कहा संगठन का चुनाव तय समय पर करना अति आवश्यक है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यशाला में विधायक मोतीलाल साहू , प्रफुल्ल विश्वकर्मा, श्रीचंद सुंदरानी, नंदकुमार साहू , नलिनेश ठोकने, मीनल चौबे, ललित जयसिंह , गोपी साहू , शैलेन्द्री परगनिहा, मनीषा चंद्राकर, हरीश ठाकुर, आशु चंद्रवंशी, चन्नी वर्मा, सुभाष अग्रवाल, संजय तिवारी, तुषार चोपड़ा, खेमकुमार सेन, रमेश मिरघानी, जितेंद्र गोलछा, अनिल बाग, सुनील चौधरी, सीमा संतोष साहू, हरशीला रूपाली शर्मा सहित रायपुर शहर जिला के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सीएम साय आज कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 8 दिसंबर को राजधानी रायपुर और राजनांदगांव जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे नवा रायपुर अटल नगर में रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज भवन और हॉस्टल भवन का लोकार्पण करेंगे और व्हाइट कोट सेरेमनी कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 2 बजे पुलिस ग्राउण्ड हेलीपेड रायपुर से रवाना होकर दोपहर 2.25 बजे राजनांदगांव पहुंचेंगे और ब्रह्माकुमारीज ज्ञान मानसरोवर भवन के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। वे 3.15 बजे गायत्री विद्यापीठ स्कूल में संभाग स्तरीय खेलकूद समारोह में शामिल होंगे।

### एसीआई के डॉ. श्रीवास्तव को कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का फैलो सम्मान



रायपुर। डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) डॉ. स्मित श्रीवास्तव को कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का फैलो सम्मान मिला है। यह सम्मान प्राप्त करने वाले राज्य के पहले कार्डियोलॉजिस्ट बने हैं डॉ. श्रीवास्तव। उन्हें लखनऊ में राष्ट्रीय सम्मेलन में कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के फैलो का सम्मान देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हाथों मिला। देशभर से मात्र 15 कार्डियोलॉजिस्ट इस सम्मान के लिए चयनित किए गए हैं।

### पंजाब केसरी रोड पर होगा नई नाली का निर्माण

रायपुर। साईंनगर जोरा की जनता को पंजाब केसरी रोड पर नई नाली निर्माण के लिए 75 लाख रुपए से भी ऊपर की धनराशि की सौगात मिलेगी। विगत वर्षों का इंतजार समाप्त होता देखकर साईंनगर, प्रोफेसर कॉलोनी और जोरा की जनता में हर्ष की लहर व्याप्त हो गई है। यह राशि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन और क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा, धरसींवा विधानसभा से डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी, पूर्व अध्यक्ष, साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर के संयुक्त प्रयासों से नई नाली निर्माण के लिए नगर निगम द्वारा 75 लाख रुपयों से भी ऊपर का प्राक्कलन तैयार करके प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति बाबत शासन की ओर बढ़ा दिया गया है।

## छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए साय

# सीएम साय ने कहा- जनजातीय समाज के विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, जनजातीय समाज के विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। आदिवासी समाज को आगे बढ़ने के लिए सभी संसाधन उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के शपथ ग्रहण समारोह में शपथ ले रहे सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा, छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज एक समृद्ध संगठन है। संगठन के सभी सदस्यों का लंबा अनुभव रहा है। मुझे विश्वास है कि आदिवासी समाज के प्रतिनिधि के रूप में वे अपनी जिम्मेदारी बहुत कुशलता से निभाएंगे।

रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित कृषक सभागार में आयोजित छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के नवनिर्वाचित प्रबंधकारिणी समिति के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा, आज जनजातीय समाज के विकास के लिए बहुत अच्छा वातावरण है। छत्तीसगढ़ सरकार के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जनजातीय समाज के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। दोनों सरकारें जनजातीय समाज की चिंता करती हैं। आज हम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी को याद करते हैं जिन्होंने आदिवासियों के उत्थान के लिए छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया। जब मैं सांसद था तब उन्होंने आदिम जाति कल्याण मंत्रालय का गठन किया था। आज भारत के राष्ट्रपति पद पर आदिवासी समाज की महिला सुशोभित हैं और छत्तीसगढ़ में भी आदिवासी का बेटा मुख्यमंत्री है। यह बहुत गौरव की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा, जनजातीय समाज के विकास के लिए लगातार काम हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत विगत 2 अक्टूबर को की है। इस अभियान का लाभ 5 करोड़ जनजातीय लोगों को मिलेगा। आज जहां-जहां विशेष पिछड़ी जनजातियों की बसाहट है वहां सड़क, बिजली, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित सभी सुविधाएं मिल रही हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के प्रांताध्यक्ष शिशुपाल सोरी, विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चन्द्राकर, बीएल ठाकुर, बीपीएस नेताम, एमआर ठाकुर, फूल सिंह नेताम, जे मिंज, भारत सिंह, डॉ लक्ष्मी ध्रुव, वंदना उइके, शशि सिंह, आरके राय सहित छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ का तेजी से हो रहा विकास- रमन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास हो रहा है। आज किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। महतारी वंदन योजना में 1000 रुपये माताओं-बहनों को दिया जा रहा है। एक साल में सरकार ने अनेक योजनाओं के माध्यम से लोगों के कल्याण के लिए कार्य किया है।

### समाज के शोषित पीड़ितों की आवाज बनेगा आदिवासी समाज- नेताम

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के साथ समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। मुझे उम्मीद है कि छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज का संगठन समाज के शोषित पीड़ितों की मदद के लिए उनकी आवाज बनकर शासन-प्रशासन तक बात पहुंचाएगा।

### मुख्यमंत्री ने कहा- धान खरीदी की दिक्कतें दूर कर ली गईं

*धान खरीदी के मुद्दे पर कांग्रेस के प्रदर्शन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पलटवार करते हुए कहा, घर में बैठकर किसी के बारे में बोलना आसान होता है। मंडी में जाकर देखें, धान खरीदी केंद्रों में जाकर देखें। तीन दिसंबर को देखने गए थे, क्या हुआ? अच्छा है लोग जाएं और देखें। आरोप लगाने से अच्छा है कि पास से जाकर प्रत्यक्ष देखें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संवाददाताओं से चर्चा में कहा, धान खरीदी में कोई दिक्कत नहीं हो रही है। छोटी-मोटी दिक्कतें थीं, उसको दूर कर लिया गया है। कहीं भी धान खरीदी बंद नहीं हुई थी। राइस मिलरों से बातचीत नहीं होती, तो समस्या हो सकती थी। आज उनसे बातचीत हुई है। समस्या का समाधान हो गया है।*

### कोई भी घोटालेबाज नहीं बचेगा

*वहीं महादेव सट्टा एप्प को लेकर मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, जो भी दोषी हैं, सभी पर कार्रवाई होगी। चाहे महादेव सट्टा एप हो या शराब घोटाला, कोयला घोटाला को हो या डीएमएफ घोटाला। कोई भी घोटालेबाज बचेंगे नहीं। सब पर सख्ती से कार्रवाई होगी। सीजीपीएससी में जो घोटाला किए थे, उनका भी जेल जाने का सिलसिला शुरू हो गया है।*

## बीजू योजना के समकक्ष हो आयुष्मान का पैकेज संशोधन की उठी डिमांड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पिछले दस साल से लंबित आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के पैकेज को ओडिशा के बीजू स्वास्थ्य कार्यक्रम के समकक्ष लाने की सिफारिश की गई है। इसके साथ लगातार डिमांड के बाद भी लंबित भुगतान पर किसी तरह की ठोस पहल नहीं किए जाने पर चिकित्सकों ने चिंता जताई है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के रायपुर अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता, सचिव डा. दिग्विजय सिंह तथा डा. विकास अग्रवाल ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग दोहराई है। डा. गुप्ता ने बताया कि सभी शासकीय और निजी अस्पतालों का आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना अंतर्गत करीब 1500 करोड़ का भुगतान कई महीनों से लंबित है। सामान्य सभा की मीटिंग में आईएमए प्रतिनिधियों ने सहमति जताई है कि बकाया राशि का भुगतान ना होने पर अस्पताल संचालक उपवास सहित धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे। इस दौरान भुगतान की पारदर्शी प्रणाली विकसित किए पर भी जोर दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री को जानकारी दी गई है कि जुलाई 2024 के बाद एक प्रतिशत ब्याज सहित लंबित भुगतान का निराकरण किया जाए।

### निहारिका कमेटी की अध्यक्ष को फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

रायपुर। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने मंत्रालय में शासन द्वारा गठित निहारिका कमेटी की अध्यक्ष निहारिका बारिक से भेंट कर प्रदेश के कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं के संबंध में विस्तार से चर्चा कर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि फेडरेशन की प्रांतीय बैठक में तय किए गए मुद्दों को लेकर निहारिका कमेटी के समक्ष अपना पक्ष रखा है, जिसमें प्रदेश के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों को भाजपा घोषणापत्र अनुसार केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता दिया सहित कई मांगे है।

## साइंस कॉलेज यूथ हब तोड़ने के विरोध में उतरे पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




साइंस कॉलेज यूथ हब को तोड़ने को लेकर शनिवार को पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने दुकानदारों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत और भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए बीजेपी सरकार पर रोजगार छीनने आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, साइंस कॉलेज यूथ हब 8 से 9 करोड़ की लागत से बनी स्मार्ट सिटी की योजना थी, जिसको इम्प्लीमेंट सरकार के अधिकारियों ने किया। इसमें किसी भी प्रकार का विवाद नहीं, बल्कि जो रायपुर पश्चिम के विधायक हैं, उनकी एक जिद और हठधर्मिता के कारण वो उसे उजाड़ने का काम उसे तोड़ने का काम बखूबी करते हैं। उन्होंने कहा, लगभग साल-डेढ़ साल से इस यूथ हब में स्टालों का संचालन हो रहा है, जबकि इसको लेकर विधायक राजेश मूणत द्वारा पूर्व में अफवाह फैलाई गई कि इसके खुलने से अपराध को बढ़ावा मिलेगा, नशे के कारोबार बढ़ेंगे, चाकूबाजी और हत्या, बलात्कार जैसी घटनाएं होंगी। यूथ हब के प्रारंभ से लेकर अब तक उस जगह पर किसी भी प्रकार का अपराध नहीं हुआ है। वहीं वर्तमान में लोगों को वहां रोजगार मिल गया है, तो बीजेपी को तकलीफ हो रही है।

### न्याय मिलने तक लड़ेंगे

उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी गरीब और मध्यवर्गीय परिवारों की लड़ाई लड़ेगी। हम साइंस कॉलेज यूथ हब को किसी भी कीमत पर टूटने नहीं देंगे। यूथ हब के दुकानदारों, छात्रों के लिए कांग्रेस के नेता सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेंगे। यहां सरकार का पैसा लगा है, उसे हम बर्बाद नहीं होने देंगे। जब तक न्याय नहीं मिल जाता, तब तक इस लड़ाई को हम लड़ेंगे।

# धान खरीदी में अव्यवस्था, 10 को कांग्रेस का प्रदेशव्यापी धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था, किसानों को हो रही परेशानी तथा सरकार के किसान विरोधी रवैये के विरोध में कांग्रेस पार्टी 10 दिसंबर को प्रदेश के सभी ब्लॉकों में धरना प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाया। अभियान में सभी नेता, पदाधिकारी धान खरीदी केन्द्रों में गये। उन्होंने कहा, प्रदेश के धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था से किसान परेशान हैं। सरकार की कोशिश है, कम से कम धान खरीदी की जाये।

प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेताओं धनेंद्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, दीपक बैज, रविन्द्र चौबे ने बताया कि खरीदी केंद्रों में कांग्रेस नेताओं ने देखा कि बारदाने की कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा। 50 प्रतिशत नये, 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग खरीदी में किया जाना था। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि आनावरी रिपोर्ट कम बनाई गयी है तथा खरीदी भी 21 क्विंटल के हिसाब से नहीं हो रही है। किसानों से पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि धान बेचने के बाद किसानों के खाते में 72 घंटे में पैसा आयेगा, लेकिन रकम हफ्तों तक नहीं आई, जो रकम आ रही है वह एकमुश्त 3100 नहीं है। सिर्फ 2300 रुपए प्रति क्विंटल ही आ रहा है। सोसाइटी से धान संग्रहण केंद्रों में भेजा जा रहा है, जबकि यह सीधे मिलरों के पास जाना चाहिये। इस कारण सोसाइटी में संग्रहण केंद्रों के बीच परिवहन की लागत अतिरिक्त आ रही है। लेबर चार्ज बढ़ गया, इसमें भ्रष्टाचार किया जा रहा है। पिछले वर्ष का सुखत का पैसा सोसायटियों को अभी तक नहीं दिया गया।

### 15 दिन बढ़ाई जाए खरीदी की तिथि- धनेंद्र

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू ने कहा, धान खरीदी में टोकन की व्यवस्था पर कांग्रेस पार्टी ने लगातार आवाज उठाने के बाद सरकार ने 60-40 प्रतिशत आदेश दिया है। ऐप में देखा कि 15 जनवरी तक टोकन 60 प्रतिशत तक भरा हुआ है, जबकि 31 जनवरी आखिरी तारीख है। बड़े किसान और मध्यम किसान धान नहीं बेच पाये हैं। प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट बढ़ाई जाये। टोकन व्यवस्था को ठीक किया जाये। धान खरीदी की तारीख 15 दिन बढ़ायी जाये, तब सभी किसान धान बेच पायेंगे।

### शिवरतन शर्मा बोले- भ्रम फैलाने ही कांग्रेसी धान खरीदी केंद्रों में घूम रहे

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा, अपनी लगातार हार से बौखलाई कांग्रेस हर मुद्दे पर मुंह की खाने के बाद अब धान खरीदी पर झूठ फैलाने में लगी है। धान खरीदी को लेकर कांग्रेस द्वारा आंदोलन करने की घोषणा को कांग्रेस की बौखलाहट का परिचायक बताते हुए कहा, धान खरीदी को लेकर कांग्रेस के नेता जिस तरह अनर्गल प्रलाप करके धान खरीदी की समूची प्रक्रिया के सुव्यवस्थित संचालन को लेकर प्रदेश को गुमराह करने में लगे हैं, वह कांग्रेस का राजनीतिक चरित्र ही है। सिर्फ भ्रम फैलाने के लिए ही कांग्रेस के लोग समितियों के धान खरीदी केंद्रों में घूम रहे हैं। कांग्रेस का यह झूठ कभी परवान नहीं चढ़ पाएगा। श्री शर्मा ने कहा, कांग्रेस के तीन-तीन पूर्व मंत्री टोकन नहीं मिलने की शिकायत कर रहे हैं। यह कांग्रेस का एक और नया झूठ है। हम यह आंकड़ा पेश कर सकते हैं कि धान खरीदी से कितने कांग्रेसी नेता और पूर्व मंत्री लाभान्वित हुए हैं, किन-किन कांग्रेस नेताओं ने कितना-कितना धान बेचा है और उसका कितना भुगतान उनके खातों में जमा हुआ है। श्री शर्मा ने कहा, यह बेहद आश्चर्य की बात है कि कांग्रेस सरकार के अनेक पूर्व मंत्री तक यह स्वीकार कर रहे हैं कि पहले कुछ दिक्कत थी अब दिक्कत नहीं है। तब कांग्रेस के पूर्व मंत्रियों की टोकन नहीं मिलने की बात हास्यास्पद और सफेद झूठ साबित हो रही है।




### पर्यावरण समिति ने मंडल परिसर में रोपे पौधे



रायपुर। महाराष्ट्र मंडल की पर्यावरण समिति द्वारा चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल परिसर में शनिवार को चंपा और टिकोमा के आकर्षक पौधे लगाए। पौधारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आल इंडिया बिजली कर्मचारी संघ के कार्यकारिणी सदस्य अरुण देवांगन और समिति के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने मंडल के मुख्य द्वार पर बने लॉन एरिया में पौधे लगाए। समिति के उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल ने बताया कि पर्यावरण समिति ने मंडल के नवनिर्मित भवन को सुंदर बनाने के लिए परिसर में चंपा, टिकोमा सहित कई प्रजातियों के पौधों का रोपण किया।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18, तहसील व जिला-रायपुर**

**-: आम सूचना :-**

**जारी दिनांकः- 05/12/2024**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम काठाडीह प.ह.न.-83 रा.नि.मं-रायपुर-18 तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में आवेदक फाल्गुन राम साहू पिता श्री बुधु साहू निवासी मठपुरैना रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 92/4 रकबा 0.0215 हे. का सीमांकन, हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.-वाचक/अति.तह. अ-12 वर्ष-2024 आदेश दिनांक-05/12/2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन, दिनांक- 24/12/2024 को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन, उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नही होगा।

**सो सूचना जानें।**

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-18**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-16 सारागांव तहसील धरसींवा, जिला रायपुर**

**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

**दिनांक 07/12/2024**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सुनीता जैन पति के.आर.जैन, रश्मि पारख पति प्रवीण चंद पारख निवासी कुंदन पैलेस बैरनबाजार रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम परसुलीडीह प.ह.नं. 23 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 16 सारागांव स्थित खसरा नंबर 72/9, 77/1, 77/2 रकबा क्रमशः 0.805, 0.036, 0.036 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायाब तहसीलदार धरसीवा के आदेश दिनांक 08/11/2024 के परिपालन में दिनांक 16/12/2024 को समय 12 बजे के पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 23 के बरौदा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपनै वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रायपुर 16 (सारागांव)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-16 सारागांव तहसील धरसींवा, जिला रायपुर**

**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

**दिनांक 07/12/2024**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सुरेश मूंदड़ा पिता बुलाकी दास मुंदड़ा निवासी जेल रोड़ रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदित ग्राम परसुलीडीह प.ह.नं. 23 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 16 सारागांव स्थित खसरा नंबर 72/44 रकबा क्रमशः 0.202 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायाब तहसीलदार धरसीवा के आदेश दिनांक 05/11/2024 के परिपालन में दिनांक 16/12/2024 को समय 1 बजे के पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 23 के बरौदा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपनै वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रायपुर 16 (सारागांव)**

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 TRUST
130+ CENTRES PAN INDIA
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### आयुष्मान कार्ड के लिए आज भी शिविर

**रायपुर।** राजेंद्र नगर, अमलीडीह, महावीर नगर पूज्य सिंधी पंचायत ने सोमवार को आयुष्मान कार्ड बनाने नहर पुल के पास स्थित श्री झूलेलाल भगवान की दिव्य प्रतिमा के प्रांगण में शिविर लगाया, जहां बच्चे, युवा, अधेड़ और बुजुर्ग आयुष्मान कार्ड बनवाने पहुंचे। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक शिविर में उमड़ी भीड़ के चलते कइयों के कार्ड बन नहीं पाए, इस वजह से रविवार को भी शिविर लगाया जा रहा है। पूज्य पंचायत के मुखी गिरीश लहेजा ने बताया कि सरकारी स्वास्थ्य योजना के तहत लाभ उठाने आयुष्मान कार्ड बहुत उपयोगी है। जिन्होंने अपना कार्ड नहीं बनवाया है, उनके लिए यहां शिविर लगाया गया है। शिविर में सिंधी पंचायत के पदाधिकारी भी व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।

### धोबी समाज की महापंचायत आज

**रायपुर।** राजधानी के नातिन धोबिन दाई परिसर बोरियाखुर्द में 8 दिसंबर को धोबी समाज की महापंचायत होगी। इस अवसर पर विवाहयोग्य युवक-युवती भी अपना परिचय देकर मनपसंद जीवनसाथी का चयन कर सकेंगे। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन में समाज के वरिष्ठ नेता मुख्यमंत्री के निजी सचिव तुलसी कौशिक का सम्मान किया जाएगा। समाज के नगर अध्यक्ष वरुण निर्मलकर ने बताया कि महापंचायत की अध्यक्षता सूरज निर्मलकर करेंगे। समाज के रजक महोत्सव, जो कि प्रदेश स्तरीय प्रतिवर्ष होता है, जिसके लिए मुख्य अतिथि के रूप में महापंचायत के बाद मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों को आमंत्रित करने प्रतिनिधिमंडल के रूप में जाएंगे। परिचय सम्मेलन की अध्यक्षता पार्षद उमा चंद्रहास निर्मलकर करेंगी। सामाजिक प्रकरण के निराकरण की अध्यक्षता प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर करेंगे।

# 23 हजार से ज्यादा बूथ में भाजपा की कमेटियां बनीं, अब 15 तक होंगे मंडल अध्यक्ष के चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश भाजपा में संगठन चुनाव चल रहा है। अब मंडलों में अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। करीब 25 हजार बूथों में बूथ कमेटियां बनानी हैं, इसमें से 23 हजार दो सौ बूथों में कमेटियां बन गई हैं। अब तक एक भी बूथ ऐसा सामने नहीं आया है, जहां पर 50 से कम सदस्य होने के कारण एडहॉक कमेटी बनाने की जरूरत पड़ी हो। वैसे सभी बूथों में चुनाव हो गए हैं, कुछ जिलों से अब तक रिपोर्ट नहीं आई है।

भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव अगले साल जनवरी में होना है। इसके पहले देश के सभी राज्यों में भाजपा के संगठन चुनाव हो रहे हैं। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी 20 नवंबर से बूथ कमेटियां का चुनाव प्रारंभ किया गया। यह चुनाव वैसे तो 30 नवंबर तक समाप्त हो जाना था, लेकिन तय समय तक 15 हजार बूथों में ही चुनाव हो सका था, ऐसे में प्रदेश संगठन ने समय सीमा को पांच दिसंबर तक बढ़ाया। तय समय में लगभग बूथों में कमेटियां बन गई हैं। प्रदेश के चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख के मुताबिक अब तक 23 हजार दो सौ बूथों में कमेटियों के बनने की जानकारी आ चुकी है। बाकी स्थानों से जानकारी आनी अभी बाकी है। जिन बूथों में भाजपा के 50 सदस्य नहीं बने होंगे, वहां पर एडहॉक कमेटी बनाएंगे। इसके बाद यह कमेटी प्रयास करेगी कि वहां पर सदस्य संख्या 50 हो जाए। 50 सदस्य बनने के बाद वहां पर एडहॉक कमेटी के स्थान पर बूथ कमेटी बना देंगे। अब तक रिपोर्ट में एक भी बूथ ऐसा सामने नहीं आया है जहां पर एडहॉक कमेटी बनाने की जरूर पड़ी हो।

## अब तक एक भी बूथ 50 से कम सदस्य वाला सामने नहीं आया




### 15 तक बन जाएंगे सभी मंडलों में अध्यक्ष

भाजपा के 405 मंडलों के चुनाव के लिए 1 से 15 दिसंबर का समय तय किया गया है। एक दिसंबर को प्रदेश संगठन की बैठक के कारण मंडलों में चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हो सकी। प्रदेश संगठन की बैठक में तय किया गया पहले सभी जिलों में दो दिसंबर को कार्यशाला होगी। ऐसे में दो दिसंबर को सभी जिलों में कार्यशाला के बाद अब तीन दिसंबर से मंडलों में चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। 15 दिसंबर तक सभी मंडलों में अध्यक्ष बन जाएंगे। जो भी दावेदार सामने आएंगे, उनसे पर्यवेक्षक और जिलों के पदाधिकारी बात करके सर्वसम्मति से किसी एक को मंडल अध्यक्ष बनाने का काम करेंगे। जहां पर सर्वसम्मति नहीं बन पाएगी, वहां पर मतदान से चुनाव होगा। किसी भी हाल में मंडल अध्यक्ष 45 साल से ज्यादा का नहीं होगा। कार्यकारिणी में जरूर 45 साल से ज्यादा के पदाधिकारी चल जाएंगे।

# खंडहर हो रहे धनसुली के अटल आवास में रहने की मजबूरी, जरूरी सुविधा भी गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

धनसुली गांव में तीन सौ परिवारों को स्वतंत्र अटल आवास बनाकर देने के बाद हाउसिंग बोर्ड भूल गया है। कॉलोनी में जिन लोगों ने मकान रहने के लिए खरीदा, उन्हें खंडहर होता देखकर किराए पर दे दिया है। इससे वहां की सुरक्षा भी भगवान भरोसे है। आसपास खाली जमीन भी अवैध कब्जे की भेंट चढ़ने लगी है। सालभर में चार बार शिकायत करने पर भी सिर्फ सर्वे किया गया है।

- **हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी में लोग सुविधा को तरसे, सुधार के नाम पर सिर्फ सर्वे**

विधानसभा के पास धनसुली गांव में 300 अटल आवास रख-रखाव के अभाव में खंडहर होने लगे हैं। इसका निर्माण गरीबों को आशियाना और सुविधा देने के लिए किया गया। इसे बनवाने के बाद अधिकारी भूल गए हैं। हाउसिंग बोर्ड ने वर्ष 2008 में कॉलोनी को बनवाया था। इसे 2010 में एक लाख 10 हजार में लोगों को बेचा गया। लोगों से पैसा लेने के बाद जिम्मेदार कॉलोनी की सुध नहीं ले रहे हैं। इससे अटल आवास में प्रापर पेयजल, स्ट्रीट लाइट, सफाई, पानी निकासी के लिए सीवरेज लाइन की सुविधा भी नहीं मिल रही है। इसके कारण जो लोग कॉलोनी में परिवार के साथ रहते हैं, उन्हें दो कमरे, रसोई, शौचालय और स्नान गृह दिया है, लेकिन पानी निकासी, पेयजल की सुविधा नियमित नहीं होने से आए दिन परेशानी होती है।




### आस-पास होने लगा है कब्जा

अटल आवास में रहने वाले लोगों ने बताया कि चार बार सुविधा देने मांग की गई। इसके बाद सर्वे किया और फिर अधिकारी सुध लेने नहीं आए। नतीजा यह है कि आस-पास में खाली जमीन पर कुछ लोगों ने झोपड़ी बनाकर रहना शुरू कर दिया है। रात में स्ट्रीट लाइट का अभाव होने का फायदा उठाते हुए वे आए दिन चोरी, मारपीट की घटना करते हैं। किसी प्रकार से अव्यवस्था में सुधार नहीं होने से अब लोगों ने भी मकान किराए पर देकर दूसरी जगह रहना शुरू कर दिया है, इससे समस्या का सुधार भी नहीं हो रहा है।

### सुविधा ही नहीं टैक्स भी अटका

सूत्रों ने बताया कि अटल आवास को जिन लोगों ने खरीदा है, उनसे छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल पानी और मेंटेनेंस टैक्स लेता है। दर्जनों परिवार कॉलोनी में ऐसे हैं, जिनके द्वारा सुविधा शुल्क जमा नहीं किया जाता। इससे लोगों पर ब्याज समेत 25 से 30 हजार का टैक्स बकाया है। ऐसे लोग मकान नहीं बेच पा रहे हैं, क्योंकि इसके लिए हाउसिंग बोर्ड एनओसी नहीं दे रहा है। इससे लोग वहां फैली हुई अव्यवस्था से भी बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। फंसे हुए लोग भी टैक्स और बकाया ब्याज चुकाने से नहीं उबर पाए हैं।



**जो समस्या है उन्हें संज्ञान में लेंगे**

वहां के लोगों से जुड़ी जो समस्याएं बता रहे हैं, उनके सुधार की प्रक्रिया शुरू की गई है। अगर आसपास कब्जे की स्थिति है, तो उसे भी संज्ञान में लिया जाएगा। *- पुरुषोत्तम साहू, ईई, हाउसिंग बोर्ड डिवीजन-2, रायपुर*

# मूणत ने 3 और वार्डों को दी 1 करोड़ के कार्यों की सौगात



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वरिष्ठ विधायक राजेश मूणत ने शनिवार को स्वामी आत्मानंद वार्ड में 20 लाख रुपए से आंगनबाड़ी भवन का काम शुरू करवाया। इससे पहले उन्होंने पांच सामुदायिक भवनों की मरम्मत तथा विस्तार के लिए पांच-पांच लाख के हिसाब से 25 लाख रुपए का फंड न सिर्फ मंजूर करवाया, बल्कि इनका काम शुरू करवा दिया। ये सामुदायिक भवन डबरीपारा, वासुदेव पारा, भीम नगर में है। इनके साथ ठाकुर देव भवन के नया निर्माण तथा शीतला हनुमान सामुदायिक भवन की मरम्मत का काम भी उन्होंने शुरू करवाया है।

- **जनसुविधा से जुड़ी कोई भी जरूरत वे सीधे आकर बता सकते हैं : मूणत**

श्री मूणत ने शनिवार को स्वामी आत्मानंद वार्ड की बड़ी जरूरत पूरी करते हुए मध्यम आकार की तीन पुलिया का काम शुरू करवाया, जिससे वार्ड की बड़ी आबादी को सुविधा मिलेगी। ये पुलिया अग्रोहा कालोनी के पास, साईं मंदिर क्षेत्र और विप्र नगर में थोड़ी-थोड़ी दूरी वाली कंक्रीट रोड के साथ बनाई जाएंगी। श्री मूणत ने इस वार्ड में पुलिया के साथ सीसी रोड और सामुदायिक भवन की मरम्मत के लिए कुल मिलाकर 51 लाख रुपए के काम शुरू करवाए हैं। उन्होंने कहा, सारे काम निर्धारित समय पर पूरे होंगे और क्वालिटी से किसी तरह का समझौता नहीं होगा, इसके निर्देश निगम अफसरों को दे दिए गए हैं। उन्होंने अपने क्षेत्र के सभी वार्डों के लोगों से अपील की कि जनसुविधा से जुड़ी कोई भी जरूरत वे सीधे आकर बता सकते हैं। प्राथमिकता के आधार पर इन कार्यों का एस्टीमेट बनवाकर फंड की व्यवस्था की जाएगी और काम तुरंत शुरू कर दिया जाएगा।

## निधन

### रमाकांत अग्रवाल



**रायपुर।** राजीव नगर निवासी रमाकांत अग्रवाल (46) का 7 दिसंबर को हैदराबाद में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 दिसंबर को सुबह 11.30 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे पूजा अग्रवाल के पति और अंशुल अग्रवाल के पिता थे।

### वाधूराम मोटवानी



**रायपुर।** सुपर स्टेट कॉलोनी महावीर नगर निवासी वाधूराम मोटवानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 दिसंबर को दोपहर 12.30 बजे उनके निवास स्थान से न्यू राजेन्द्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे साधुराम, किशनचंद मोटवानी के भाई और राजकुमार, चंदन, अमित, विशाल मोटवानी के पिता थे।

# छाए बादलों से मौसम में बदलाव आज-कल हल्की बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छाए बादलों के प्रभाव से रायपुर समेत मध्य और बस्तर सहित दक्षिण में मौसम में बदलाव हो गया है। हवा की गति अधिक होने की वजह से दिन में ठंडकता बढ़ी है, मगर रात का पारा चढ़ा हुआ है। रविवार और सोमवार को दोनों हिस्सों में हल्की बारिश अथवा बूंदाबांदी की संभावना है।

- **नमी के साथ हवा के सम्मिलन का प्रभाव बस्तर और मध्य हिस्से में**

बंगाल की खाड़ी से पर्याप्त मात्रा में आने वाली नमी के साथ पूर्वी मध्यप्रदेश और उससे लगे छत्तीसगढ़ के ऊपर हवा का सम्मिलन हो रहा है। इसका असर उत्तर को छोड़कर प्रदेश के अन्य हिस्सों में हो रहा है।

शनिवार को जगदलपुर में 11.5 मिमी. बारिश हुई, वहीं शहर में दोपहर कुछ देर तक छींटे पड़े। इसके बाद हवा की गति अधिक होने की वजह से ठंडकता का अहसास होता रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों का कहना है कि अगले दो दिन तक प्रदेश में हल्की से मध्यम वर्षा का दौर बन रहा है।

रविवार शाम से लेकर सोमवार की रात तक रायपुर समेत कई इलाकों में हल्की बारिश की प्रबल संभावना है। दस दिसंबर के बाद मौसम सामान्य होना प्रारंभ होगा। 10-11 की दरम्यानी रात न्यूनतम तापमान में पुनः कमी आने की संभावना है। अभी रायपुर में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है, जो सामान्य से 6 डिग्री अधिक है। दिन का अधिकतम तापमान सामान्य स्थिति में था।



### उत्तर में ठंड का असर

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक उत्तर यानी सरगुजा और उससे लगे बिलासपुर संभाग में मौसम का बदलाव नहीं होगा। रात के वक्त वहां अच्छी ठंड पड़ रही है और तापमान आठ डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जा रहा है। बीते चौबीस घंटे में सबसे कम तापमान 8.8 अंबिकापुर का दर्ज किया गया था।

# सेक्सटार्सन का भय दिखाकर लूट, पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आमानाका थाना क्षेत्र में सुनियोजित तरीके से अपने झांसा में लेकर सेक्सटार्सन का भय दिखाकर आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के साथ मारपीट कर लूट करने के आरोप में पुलिस ने दो महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक फर्जी पुलिस भी शामिल है। बदमाशों ने एक मोबाइल कंपनी में काम करने वाले कर्मी को वाई-फाई लगाने का झांसा देकर आठ हजार रुपए की लूट की थी।

- **गिरफ्तार आरोपियों में दो महिलाएं शामिल**

पुलिस के मुताबिक राघव मिश्रा सहित अन्य से लूट करने के आरोप में आमानाका निवासी प्रदीप सिंग बोपाराय, कबीर नगर मीडिया सिटी निवासी यश प्रजापति, कोटा निवासी मदन सोना, कबीर नगर निवासी खुशबू तिवारी, आमानाका डुमरतलाब निवासी अन्नू अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक प्रदीप सिंग के खिलाफ पूर्व में भी अपराध दर्ज है।



### वाई-फाई लगाने का झांसा देकर बुलाया

पुलिस के अनुसार अन्नू अग्रवाल ने यश प्रजापति के परिचित राघव का मोबाइल नंबर हासिल कर अपने घर में वाई-फाई लगाने कॉल किया। अन्नू ने राघव को अपना नाम पायल साहू बताया। अन्नू द्वारा भेजे गए मोबाइल लोकेशन पर राघव पहुंचा, तो सूनसान जगह पर अन्नू, राघव को एक झोपड़ीनुमा मकान में ले गए। वहां खुशबू पहले से मौजूद थी। इस दौरान खुशबू ने राघव पर फिजिकल संबंध बनाने दबाव बनाया।

### भागने पर बंधक बनाकर लूटपाट

पुलिस के अनुसार राघव ने स्थिति को भांपते हुए घर से मां का कॉल आने की बात कह कर भागने की कोशिश की। घर के बाहर पहले खुशबू तथा अन्नू के साथियों ने राघव को घेर लिया। इसमें एक आरोपी ने अपने आपको पुलिसकर्मी बताकर राघव के साथ मारपीट की। इसके बाद एक बदमाश ने राघव के गले में चाकू अड़ाकर पेमेंट गेटवे से यश के अकाउंट में जबरन आठ हजार रुपए ट्रांसफर कराया।

### पेमेंट गेटवे के नंबर से पकड़े गए बदमाश

पुलिस गिरफ्त में आए बदमाशों को यकीन था कि राघव उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराएगा। इसीलिए बदमाशों ने राघव के पास नकदी रकम नहीं होने के बावजूद उसके मोबाइल के पेमेंट गेटवे से रकम ट्रांसफर कराने का साहस दिखाया। पुलिस ने मोबाइल के माध्यम से बदमाशों के अकाउंट में ट्रांसफर किए गए पेमेंट गेटवे के नंबर के आधार पर ट्रेस कर गिरफ्तार किया।

### आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के साथ लूट

पुलिस के मुताबिक सेक्सटार्सन के आरोप में गिरफ्तार गिरोह ने आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को झांसा देकर सूनसान जगह पर बुलाकर लूट की है। लोक लाज के भय से लोग थाने में शिकायत करने से बचते थे। इसका फायदा उठाकर बदमाश लोगों के साथ ऑनलाइन लूट की घटना को अंजाम देते थे।

स्वास्थ्य मंत्री के निवास पर हुई बैठक, फिर मुख्यमंत्री से मुलाकात

# मुख्यमंत्री ने मिलर्स को दिया आश्वासन उनकी मांगें अगले कैबिनेट में रखी जाएंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के मिलर्स की समस्याओं के समाधान को लेकर आश्वासन दिया है कि अगली कैबिनेट की बैठक में इसे रखा जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सभी जिलों के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री निवास में उनसे मुलाकात की। प्रदेशभर के मिलर्स ने कस्टम मिलिंग कार्य करने सहमति दी है, इसके बाद सभी जिलों में सीएमआर कार्य आरंभ हो गया है।

- **अनुबंध की शर्तों में संशोधन पर भी बनी सहमति**

पिछले दिनों मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद मांगें पूरी न होने पर प्रदेशभर के राइस मिलर्स पंजीयन से लेकर अनुबंध का कार्य न कर धान का उठाव नहीं कर रहे थे। धान का उठाव नहीं होने से सोसाइटी में अव्यवस्था और किसानों को परेशानी हो रही थी। समाधान के लिए अनेक स्तर पर शासन और प्रदेश मिलर्स एसोसिएशन के बीच चर्चा हुई। प्रोत्साहन राशि, मिलर्स का बकाया भुगतान, परिवहन व्यय इत्यादि को लेकर गतिरोध बना हुआ था, जिसके बाद प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निवास पर मुख्यमत्री के निर्देश पर प्रदेश एसोसिएशन के साथ बैठक हुई। इसमें मिलर्स की सभी प्रमुख मांगों के साथ अनुबंध की विभिन्न कंडिकाओं में संशोधन पर सहमति बनी। मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रदेश एसोसिएशन अध्यक्ष योगेश अग्रवाल के साथ सभी पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री से मुलाकात करायी। इसमें मुख्यमंत्री ने मिलर्स को दिए आश्वासन को अगले कैबिनेट में पूरा करने ठोस आश्वासन दिया।



### अनुबंध कर करेंगे धान उठाव : योगेश

एसोसिएशन के राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा, मिलर्स तुरंत अनुबंध कर धान का उठाव करेंगे। किसानों को किसी तरह की समस्या नहीं होगी। उन्होंने अपने मिलर्स साथियों से तत्काल सीएमआर कार्य करने अपील जारी की है। अन्य समस्याओं के लिए मार्कफेड के प्रबंध संचालक रमेश शर्मा के साथ भी बैठक हुई, जिसमें अनुबंध के विभिन्न प्रावधान में संशोधन को लेकर सहमति बनी।

### रात में पियक्कड़ों पर...

सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते नजर आ रहे हैं। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस की टीम सुनसान सार्वजनिक स्थानों में देर रात जाम छलकाने वाले पियक्कड़ों के खिलाफ अभियान चला रही है। बावजूद इसके पियक्कड़ों को पुलिस की सख्ती का कोई असर नहीं पड़ रहा। शनिवार को हरिभूमि की टीम ने भाठागांव, स्टेशन रोड तथा गोकुल नगर शराब दुकान के आसपास संचालित शराब दुकान का जायजा लिया, तो पाया की पियक्कड़ बेखौफ होकर खुलेआम शराब गटकते नजर आए। **पुलिस थाना तक सुरक्षित नहीं :** शराबी, गंजेड़ी शराब तथा गांजा पीने के लिए हर तरफ अपने लिए महफूज ठिकाना तलाश लेते हैं। शराबी, गंजेड़ियों के लिए आमानाका थाना क्षेत्र का पुराना पुलिस थाना महफूज ठिकाना बन गया है। आमानाका के पुराने पुलिस थाना में शराब, गंजेड़ी दिन के साथ रात के समय शराब, गांजा पीने पहुंच रहे हैं। पुराना थाना परिसर में खड़े वाहनों की बदमाश पार्ट्स चोरी करने के साथ वाहनों के अलग-अलग पार्ट्स को चोरी कर कबाड़ियों को बेच रहे हैं।

### सबसे बड़े अस्पताल में...

की व्यवस्था तो है, मगर यहां कई जरूरी

## पेज 11 के शेष ...

दवाओं का आपूर्ति नहीं हो पा रही है। अस्पताल के चिकित्सक जांच के बाद मर्ज के इलाज के दवाएं लिखते हैं, जिसकी उपलब्धता वहां के मिनी स्टोर यानी दवा वितरण केंद्र में होनी चाहिए, मगर ऐसा हो नहीं पा रहा है। मरीजों को बाहर के मेडिकल स्टोर्स से दवाएं खरीदनी पड़ती हैं। वैसे तो मिनी स्टोर में सर्दी-जुकाम, बुखार, गैस, एंटीबायोटिक जैसी 70 तरह की दवाओं की उपलब्धता होनी चाहिए। वास्तव में वहां करीब दो दर्जन जरूरी दवाएं उपलब्ध नहीं हैं, वहीं सूची में शामिल दर्जनभर टेबलेट ऐसे हैं, जिनकी हर महीने दस हजार की खपत है, मगर सप्लाई पर्याप्त नहीं होने की वजह से इनके लिए भी मरीजों को बाहर की दवा दुकान के भरोसे रहना पड़ता है। **रात आठ बजे तक सुविधा :** पूर्व में दवा काउंटर सुबह आठ बजे से ओपीडी समाप्त होने यानी दोपहर डेढ़ बजे तक खुली रहती है। इसके बाद वहां डाक्टरों की पर्ची लेकर आने वाले मरीजों को दवा नहीं मिल पाती थी। इसकी शिकायत अस्पताल के चिकित्सक तक पहुंची, तो उन्होंने फार्मासिस्टों की रोस्टर ड्यूटी लगाने के बाद दवा काउंटर रात्रि आठ बजे तक खुलवाया। इससे ओपीडी के बाद इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को केवल निजी दवा दुकान के भरोसे नहीं रहना पड़ा।

*जिम्मेदारों का कहना :* खपत के आधार पर समय-समय पर दवाओं की डिमांड भेजी जाती है। कुछ दवाओं की उपलब्धता काफी समय से नहीं हो पा रही है, मगर ज्यादातर दवाएं मरीजों को मिल रही हैं।

*- डॉ. विनय वर्मा, प्रभारी मिनी स्टोर, आंबेडकर अस्पताल*

### आरसी बुक देखे बिना...

किसकी है, आरसी बुक में इसका मालिक कौन है। पैसों के लालच में बिना शर्त के एक चाबी की डुप्लिकेट चाबी तैयार कर रहे हैं।

**एक चाबी से पुरानी गाड़ियों के खुल जाते हैं लॉक:** चाबी गुम हो जाने पर नई चाबी कार और बाइक का लॉकर के जरिए बनाई जाती है। चाबी के एक्सपर्ट का कहना है कि कार की तुलना में बाइक का लॉकर ज्यादा मजबूत नहीं होता है। कई बार एक ही कंपनी की बाइक की चाबी से भी यह खुल जाती है। इसलिए नई चाबी बनाने पर आरसी की जांच जरूरी है। कई पुरानी गाड़ियां बड़ी आसानी से एक सामान्य बाइक की चाबी से खुल जाती है। इस वजह से सर्वाधिक चोरी इन दिनों पुरानी गाड़ियों की हो रही है। दुकानों में चाबी तैयार करने का नियम कहीं भी पालन नहीं हो रहा है। दूसरी ओर घरों की चाबी भी बिना जांच के बनाई जा रही है।

# बीस साल में दो बार स्वीकृति, फिर भी नहीं खुला आंबेडकर अस्पताल का झूलाघर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल में काम करने वाली महिला स्टॉफ और इलाज के लिए आने वाली महिलाओं के बच्चों के लिए बनाई गई झूलाघर की योजना बीस साल बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के बाहर वर्ष 2004 में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री डा. कृष्णमूर्ति बांधी एवं वर्ष 2022 में टीएस सिंहदेव ने इस योजना को हरी झंडी दी थी। दोनों बार कुछ समय तक प्ले जोन खुला, मगर देखरेख के अभाव में बंद हो गया।

आंबेडकर अस्पताल में काम करने वाला पचास प्रतिशत स्टाफ महिला का है। काफी स्टाफ अपने छोटे बच्चों को लेकर अस्पताल आते हैं। बच्चों के मनोरंजन और कामकाज में होने वाले दखल को रोकने के लिए अस्पताल में प्ले जोन और झूलाघर की योजना बनाई गई थी। अस्पताल के भूतल में स्थित स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के वार्ड के बाहर बनाए गए खेलघर में कई तरह के खिलौने रखे गए थे, जिसे एक सामाजिक संस्था द्वारा उपलब्ध कराया गया था। समय बीतने और खेलघर का देखरेख करने वाली आया बाई को हटाने के बाद रखरखाव के अभाव में खिलौने खराब हो गए और वहां ताला लग गया।

उसके पुनः शुरू होने के इंतजार में काफी समय बीत गया फिर वर्ष 2022 को तात्कालीन स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने स्वशासी समिति की योजना में इसे मंजूरी दी। प्लेजोन बनाने के साथ वहां स्टाफ की नियुक्ति करने की घोषणा हुई। प्लेजोन फिर कुछ दिन खुलने के बाद पुनः बंद हो गया, जिस तरफ अभी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## अस्पताल स्टॉफ और मरीजों के छोटे बच्चों के लिए बनाई गई थी योजना

### गायब हो गए खिलौने

खेलघर में काफी संख्या में सामाजिक संस्था द्वारा उपलब्ध कराए गए खिलौने रखे गए थे। इनमें से कुछ खराब हो गए और बाकी गायब हो गए। अब खेलघर के नाम पर वहां उद्घाटन अवधि की पट्टिका और एलुमीनियम तथा कांच की मदद से बनाए गए कमरे ताला लगाने के बाद खाली पड़े हैं। इस बारे में अस्पताल प्रबंधन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इसके लिए अलग से स्टाफ की नियुक्ति किए जाने की आवश्यकता थी जिस पर ध्यान नहीं दिया गया।





### जिला अस्पताल, हेल्थ सेंटरों में चल रहे

बच्चों के मनोरंजन का ध्यान रखते हुए जिला अस्पताल के शिशु रोग विभाग के साथ खोखो पारा, भाठागांव, राजातालाब सहित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में प्ले जोन विकसित किया गया है। परिजनों के साथ आने वाले बच्चों उपचार अवधि के दौरान इसमें खेलने-कूदने का मजा लेते हैं। वैसे प्ले जोन की योजना उन तमाम सरकारी अस्पतालों में बनाए जाने हैं, जहां स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग अथवा शिशु रोग विभाग का संचालन किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### शराब के नशे में गाली गलौज, आरक्षक निलंबित

**रायपुर।** अभनपुर थाने में तैनात एक आरक्षक को एसएसपी डॉ. संतोष सिंह के आदेश पर निलंबित किया गया है। आरक्षक पर शराब के नशे में लोगों के साथ गाली-गलौज करने का आरोप है। जारी आदेश के मुताबिक, आरक्षक संतोष कोसरिया को निलंबित किया गया है। आरक्षक का कृत्य रेगुलेशन के विपरीत पाए जाने पर एसएसपी ने निलंबन आदेश जारी किया है।

### गैंती गैंग के तीन और शातिर गिरफ्तार



**रायपुर।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो दर्जन से ज्यादा चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंती गैंग के तीन और बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी चोरी का माल खपाने के आरोप में पकड़े गए हैं। गैंती गैंग से अब तक 45 लाख रुपए से ज्यादा के चोरी किए गए माल की बरामदगी हो चुकी है। गिरफ्तार आरोपी मुंगेली तथा बिलासपुर जिले के रहने वाले हैं।

### शराब दुकान से बाइक चोरी, आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** गोलबाजार पुलिस ने पुराना बस स्टैंड स्थित शराब दुकान से बाइक चोरी करने के आरोप में एक शातिर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, सुमित राव की शिकायत पर भाठागांव निवासी अंकित जोशी को बाइक चोरी करने के आरोप में पकड़ा गया है। अंकित एक माह पूर्व 18 नवंबर को शराब दुकान के पास से बाइक चोरी कर ले गया था।

### सूने मकान का ताला तोड़ लाखों की चोरी

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में एक युवक ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान का ताला तोड़ डेढ़ लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी 20 हजार रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, गोगांव निवासी दुर्गेश ठाकुर ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। दुर्गेश ने पुलिस को बताया कि गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात कोई अज्ञात चोर उसके घर की चारदीवारी फांदकर अंदर घुसा और मेन गेट का ताला तोड़ आलमारी का लॉकर तोड़ सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी चोरी कर ले गया।

## एसी कोच में आरएसी यात्रियों को कंप्लीट बेडरोल देने के निर्देश का नहीं हो रहा पालन


# एसी बोगी के आरएसी यात्री ठिठुर रहे, न कंबल मिल रहा और न तकिया, केवल चादर की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे बोर्ड ने बीते साल आरएसी यात्रियों को भी चादर, कंबल और तकिया देने का आदेश और निर्देश सभी जोन को दिया था, लेकिन इसके बाद भी एसी कोच में यात्रियों को सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। पहले की तरह दो चादरें ही दी जा रही हैं। घर से कंबल लेकर सफर करना पड़ रहा है।

कंबल नहीं होने की स्थिति में ठंड में ठिठुरते हुए सफर करना यात्रियों की मजबूरी है। रेलवे का दावा है कि अंटेडर को आरएसी यात्रियों को कंप्लीट बेडरोल दिए जाने का निर्देश दिया जा चुका है, लेकिन हकीकत में अब भी रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों के एसी कोच के अंटेडर को रेलवे के नए नियमों को जानकारी नहीं है। हरिभूमि ने जब इसकी पड़ताल की, तो पता चला आरएसी यात्रियों को पहले की तरह ही केवल चादर ही दी जा रही है। अब भी कंबल और तकिया नहीं मिल रहा है।





### कंबल की कमी इसलिए असुविधा

आरसी यात्रियों को कंबल की कमी बताई जा रही है। इसीलिए ज्यादातर घर से लाए हुए कंबल का ही इस्तेमाल कर रहे हैं। अंबिकापुर से से रायपुर पहुंचे यात्री अविनाश मिश्रा ने बताया कि अंटेडर ने केवल सीट पर बिछाने और ओढ़ने के लिए दो चादरें ही दी थीं। नए नियम के अनुसार तकिया और कंबल मिला ही नहीं। ट्रेन में अन्य आरएसी यात्रियों को भी यह सुविधा नहीं मिली। दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे जमील खान ने बताया कि मांगे जाने के बाद भी कंप्लीट बेडरोल नहीं मिला। ट्रेन में अटेंडर ने पहले आदेश की जानकारी नहीं होने की बात कही, फिर बाद में कंबल की व्यवस्था करते हैं कहा।

### केवल चादर ही मिल रही

ट्रेनों में अंटेडर का कहना है कि उन्हें ठेकेदार से कोई निर्देश नहीं मिला है। यात्रियों का दावा है कि नए नियम के बारे में बताए जाने के बाद भी केवल चादर ही दी गई। इस तरह की समस्या अमरकंटक, दुर्ग-अंबिकापुर समेत दुर्ग-कानपुर की ट्रेनों को देखने को मिली है। कुछ यात्रियों ने इसकी शिकायत भी डीआरएम और रेलवे बोर्ड से करने की भी की है। बता दें कि बिलासपुर रेलमंडल के कोचिंग डिपो में दो बड़ी लॉन्ड्री हैं। यहां से चादर, कंबल, पिलो कवर की प्रतिदिन सफाई होती है। इसके बाद ट्रेन में पहुंचाए जाते हैं। रेल यात्रियों की यह बेहद जरूरी सुविधा है, जिसकी मांग यात्री ट्रेन छूटने के बाद करने लगते हैं।

### ठंड में ठिठुर रहे नींद भी नहीं आती

आरएसी यात्रियों को पूरी तरह से बेडरोल नहीं मिलने से रात और सुबह के समय ठंड में ठिठुरते हुए सफर करना पड़ रहा है। कई यात्रियों को अब भी नए नियमों को जानकारी नहीं है, इसलिए विरोध भी नहीं कर रहे हैं। टीटीई से शिकायत करने के बावजूद भी यात्रियों को पूरा बेडरोल नहीं दिया जा रहा है। थर्ड एसी में ज्यादा दिक्कत है। बता दें कि रेलवे बोर्ड के प्रधान कार्यकारी निदेशक शैलेंद्र सिंह ने यह सुविधा प्रारंभ करने के लिए 2023 में 18 दिसंबर को जोनल रेलवे महाप्रबंधकों को पत्र भेजा था। इसमें कहा गया है कि एसी श्रेणी में आरएसी यात्रियों को भी आरक्षित सीट वाले यात्रियों की तरह ही पूरी बेडरोल किट दी जाए।

# टीबी, कुष्ठ और मलेरिया के नए मरीज खोजने का निक्षय निरामय अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अगले सौ दिन तक टीबी, कुष्ठ और मलेरिया के मरीजों की पहचान कर उन्हें उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने प्रदेश में निक्षय निरायम अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस योजना की शुरुआत की। इस दौरान टीबी मरीजों की निक्षय पोषण राशि को दोगुना करते हुए एक हजार रुपए उनके खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर किया गया। एम्स आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने योजना की शुरुआत रिमोट का बटन दबाकर किया। योजना में राज्य के वृद्धजनों का स्वास्थ्य जांच और उपचार शामिल है। अभियान के दौरान मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा चिन्हाकित किये गए जोखिम समूहों की स्पॉट स्क्रीनिंग संदेहास्पद मरीजों का पता लगाया जाएगा। एआई तकनीक से हैंड हेल्ड एक्स रे, सीवाय-टीबी जांच व 16 चैनल वाले ट्रूनाट मशीन से टीबी के संभावित मरीजों की एक्स रे द्वारा जांच एवं उपचार किया जाएगा।

- मरीजों की पहचान कर उपलब्ध कराई जाएगी उपचार की सुविधा

### विकसित छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं का अहम योगदान : साय

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि विकसित भारत के साथ ही साल 2047 तक छत्तीसगढ़ को भी विकसित राज्य बनाने के लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य को पूरा में स्वास्थ्य सेवाओं का अहम योगदान होगा। 13 दिसंबर को हमारी सरकार के कार्यकाल का पहला वर्ष पूरा हो रहा है, हमने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि टीबी, कुष्ठ और मलेरिया जैसी बीमारियों से मुक्ति दिलाने के लक्ष्य को हासिल करने में निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# सफारी में व्हाइट टाइगर के तीन शावक दो माह बाद करेंगे धमाचौकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिलासपुर कानन पेंडारी जू से जंगल सफारी लाए गए भाई-बहन जया तथा देवा नाम के व्हाइट टाइगर का एकाकीपन दूर करने सफारी प्रबंधन ने व्यवस्था की है। सफारी प्रबंधन ने पांच माह पूर्व जया नामक व्हाइट टाइग्रेस को मैत्री बाग जू शिफ्ट करने के साथ ही उसके स्थान पर रक्षा नामक व्हाइट टाइग्रेस के साथ अदला-बदली की। भाई-बहन का एकाकीपन दूर होने के बाद जंगल सफारी में एक माह पूर्व देवा तथा रक्षा के मिलन से सफारी में व्हाइट टाइगर का कुनबा बढ़कर दो से पांच पहुंच गया। रक्षा ने एक माह पूर्व तीन व्हाइट टाइगर को जन्म दिया है। तीनों पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं।

- शावकों की धमाचौकड़ी देखने विजिटर को करना पड़ेगा इंतजार
- सफारी में रह रहे देवा के लिए मैत्री बाग जू से दुल्हन की व्यवस्था होने के बाद कुनबा बढ़ा

जंगल सफारी के डायरेक्टर धमशील गणवीर के मुताबिक तीनों शावकों को वन्यजीव चिकित्सकों की निगरानी में आइसूलेशन वार्ड में रखा गया है। शावकों के पास किसी को जाने की अनुमति नहीं है। शावकों के साथ उसकी मां को किसी भी तरह के संक्रमण से बचाए रखने पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं।



### दो माह बाद विजिटर धमाचौकड़ी देख सकते हैं

सफारी में व्हाइट टाइगर के शावकों की धमाचौकड़ी देखने सफारी में आने वाले विजिटर को इंतजार करना होगा। विजिटर शावकों की धमाचौकड़ी दो माह बाद देख सकेंगे। शावकों की उम्र महज एक माह है, इसलिए शावकों को अभी खुले में नहीं छोड़ा जा सकता। शावक अपनी मां के पास पर्याप्त समय तक रह सकें, इसके लिए रक्षा को भी खुले में नहीं छोड़ा जा रहा।

### प्रबंधन का दावा -ठंड से बचाने उपाय किए गए

सफारी प्रबंधन के मुताबिक शावकों के किसी तरह से संक्रमण के साथ ठंड से बचाने उपाए किए गए हैं। जिस जगह शावकों के साथ उनकी मां को रखा गया है, वहां किसी को जाने की अनुमति नही है। इसकी वजह शावकों को इंसानों के माध्यम से किसी तरह के संक्रमण फैलने से बचाना है। साथ ही इंसानी आहट से शावक तथा उनकी मां को किसी भी तरह से स्ट्रेस से बचाना है।

### व्हाइट टाइगर की संख्या 16 पहुंची

सफारी में रक्षा नामक व्हाइट टाइगर द्वारा तीन शावकों के जन्म देने के बाद प्रदेश के मैत्रीबाग, कानन पेंडारी तथा जंगल सफारी जू में सफेद बाघ की संख्या 13 से बढ़कर 16 हो गई है। वर्तमान में जंगल सफारी में व्हाइट टाइगर की संख्या दो से बढ़कर पांच, मैत्रीबाग में आठ तथा कानन पेंडारी जू में व्हाइट टाइगर की संख्या तीन है।

### चोरी करते पकड़ा गया तो दंपति को ही पीट दिया

**रायपुर।** टिकरापारा में एक व्यक्ति ने एक चोर के खिलाफ चोरी करते रंगे हाथ पकड़े जाने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, बृजनगर निवासी महेसर अली ने सोनू कांचा के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महेसर ने पुलिस को बताया कि शनिवार तड़के उसे अपने कमरे से खट-खट की आवाज आई तो उसकी नींद खुल गया। इस दौरान कमरे में मौजूद सोनू चोरी करने की नीयत से आलमारी का लॉकर तोड़ने की कोशिश कर रहा था। पकड़े जाने पर सोनू ने महेसर तथा उनकी पत्नी के साथ मारपीट की और मौके से फरार हो गया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## बिजनेस साइट

### एक बार फिर रायपुर में जादूगर सम्राट अजूबा का भव्य शो 20 दिसंबर से

**रायपुर।** विश्व प्रसिद्ध जादूगर सम्राट अजूबा एक बार फिर अपने जादुई कौशल से रायपुरवासियों को मंत्रमुग्ध करने आ रहे हैं। उनका बहुप्रतीक्षित जादू शो 20 दिसंबर से शहर के गांधी मैदान के पास स्थित रंग मंदिर हॉल में होगा। वातानुकूलित इस हॉल में दर्शक जादू की अद्भुत दुनिया का आनंद ले सकेंगे।

शो के प्रबंधक रूद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस बार सम्राट अजूबा अपने शो में कई नए और अनोखे जादुई करतब पेश करेंगे, जो दर्शकों को चकित करने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक संदेश भी देंगे। शो में इस बार गॉडजिला और



डायनासोर की जबरदस्त भिड़ंत प्रमुख आकर्षण होगी। यह शो 20 दिसंबर से 26 जनवरी तक चलेगा और रोजाना तीन शो होंगे - 1 बजे, 4 बजे और शाम 7 बजे से। शो के टिकट ऑनलाइन माध्यम से एडवांस में खरीदे जा सकते हैं।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 8 दिसंबर 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## लाइव इवेंट

# गोदड़ीवाला धाम में संतों का मेला वर्सी महोत्सव का आज से आगाज



**रायपुर।** गोदड़ीवाला धाम में ब्रह्म स्वरूप संत बाबा गेलाराम साहब के 16वें बरसी महोत्सव का शुभारंभ संत-महात्माओं के सानिध्य में रविवार को होगा। प्रदेश के 11 गोदड़ीवाला धाम के अलावा इसमें देश के 50 धाम के श्रद्धालु शामिल होंगे। शहर के सामाजिक संगठन और सभी 50 पूज्य सिंधी पंचायतों को आमंत्रण दिया गया है। सुबह 10 बजे हवन, 11 बजे झंडा वंदन और साढ़े 12 बजे से अखंड पाठ साहब भी शुरू होगा। महंत अम्मा मीरा देवी, महंत देवीदास के सानिध्य में यह आयोजन होगा। इस बार रात 8 बजे से नारी शक्ति टेलीफिल्म नाटक का आयोजन किया जाएगा। महाराष्ट्र की 60 महिलाएं इसमें प्रस्तुति देंगी। वहीं वृंदावन के मनमोहनजी कथावाचन करेंगे।

### कैंप में मिलेगी स्वास्थ्य सुविधा

सेवादारी हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थोरानी, पवन प्रीतवानी और राजेश गिदवानी ने 8, 9 और 10 दिसंबर को होने वाले आयोजन को सफल बनाने जिम्मेदारी तय की है। दिलीप इसरानी, संतोष केसवानी, महेश हरजानी ने बताया कि आगंतुकों के लिए दरबार में मेडिकल कैंप लगाया जाएगा। इसमें थैलेसीमिया की निशुल्क जांच होगी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन जारी है। जनरल मेडिकल कैंप जारी रहेगा। आयुष्मान कार्ड के लिए लोग पंजीयन भी करा सकेंगे।

देवपुरी में ब्रह्म स्वरूप संत बाबा गेलाराम की मनाई जाएगी 16वीं वर्सी

‘गोविंद लीला कला कौशल ने इस बार भी युवा कलाकारों के लिए कलावंत 3.0 का आयोजन किया है। नेशनल लेवल पर शास्त्रीय नृत्य एवं सुगम संगीत की तालीम लेने वालों को प्रस्तुति देने के लिए रंग मंदिर में तीन दिवसीय आयोजन किया है। इसमें सुर-ताल का जहां बेजोड़ तालमेल देखने को मिल रहा है, वहीं शास्त्रीय नृत्य के साथ सुगम संगीत की शनिवार को भी महफिल सजी। इसका लुत्फ उठाने के लिए पहुंचे दर्शकों का भी प्रतिभागियों ने भरपूर मनोरंजन किया।’

# विलुप्त कला को बचाने कलाकारों ने सजाई सुर-ताल से महफिल, शास्त्रीय नृत्य ने मोहा मन

## गोविंद लीला कला कौशल की नेशनल लेवल प्रतियोगिता से सराबोर रहा रंग मंदिर सभागार

**रायपुर।** रंग मंदिर में जारी नेशनल लेवल डांस एंड म्यूजिक काम्पिटिशन कलावंत के पहले दिन जहां 99 मंजे हुए कलाकारों ने प्रस्तुति दी। वहीं शनिवार को दूसरे पायदान पर दिनभर में 60 प्रतिभागियों को अवसर मिला। इस डांस काम्पिटिशन में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, दिल्ली के अलावा दुर्ग, भिलाई, रायपुर, बिलासपुर से भी प्रतिभागियों ने भाग लिया है। इस प्रतियोगिता में 300 से अधिक प्रतिभागी शिरकत कर रहे हैं। शास्त्रीय नृत्य-कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी, कुचीपुड़ी, सेमी क्लासिकल और बॉलीवुड आधारित नृत्य की प्रतिभागी प्रस्तुति दे रहे हैं। वहीं गायन-वादन के क्रम में भी सुर-ताल के साथ नृत्य और संगीत को साधने वाले सुबह से शाम तक बेजोड़ प्रस्तुति का हिस्सा बन रहे हैं।



### निर्णायक भी बाहर से बुलाए

*निर्णायक के रूप में दिल्ली से आईं जयपुर घराने की कथक नृत्यांगना उदितो शर्मा, मंजरी शर्मा भोपाल से आई हैं। वहीं उदित नारायण तिवारी गायन के लिए हैं। डांस के लिए वृषांक रहंगटे हैं, जो मुंबई से आए हैं। संस्था के अध्यक्ष संतोष तिवारी, उपाध्यक्ष मनोज कुमार साहू, सचिव किरण साहू और कोषाध्यक्ष ज्योति तिवारी ने बताया कि प्रतिभाओं के साथ न्याय हो, इसके लिए भी पारदर्शिता रखते हुए निर्णायक बाहर से बुलाए गए हैं। वहीं प्रोग्राम के संयोजक तरुण शर्मा एवं सारिका शर्मा के मार्गदर्शन में गीत-संगीत का क्रम सुबह 8 से रात 8 बजे तक चलता है।*

### उभरती प्रतिभाओं को मंच देने का प्रयास

उभरते कलाकारों को मंच देने और प्रतिभा निखारने के लिए हो रही प्रतियोगिता में भारतीय कला संस्कृति के साथ शास्त्रीय नृत्य, गायन, वादन जैसी विधा पर 4 साल से 50 साल तक के प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। जो आधुनिक चकाचौंध में विलुप्त हो रही है। उसे बचाने के लिए युवा फनकारों को मंच दिया जा रहा है। इस कड़ी में सर्वेश अनंत साहू और कबीर साहू ने लाइट म्यूजिक और राजस्थानी फोक से धूम मचाई। वहीं नटराज नृत्य कला से पारंगत हो रही काव्या साय और वैष्णवी पाहुजा ने छत्तीसगढ़ी फोक प्रस्तुति से गुरु इंदिरा साहू से वाहवाही लूटी।



### धुरंधरों ने राग-तान से जमाया रंग

धुरंधरों ने राग, तान को बंदिशों में पिरोते हुए लोगों से वाहवाही लूटी। इस क्रम में गिटार, तबला और की-बोर्ड पर प्रस्तुति देने के लिए मंच पर एक-एक कर आने के बाद सभी प्रतिभागियों ने कलाप्रेमियों को गीत-संगीत, नृत्य से जहां माहौल दिया, वहीं लोगों का मनोरंजन करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। क्लासिकल सिंगिंग करते हुए कई प्रतिभागियों ने भजन, लाइट म्यूजिक और संगीत से श्रोताओं को खुशनुमा माहौल दिया। रविवार को अंतिम दिन भी 100 से ज्यादा बचे हुए प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इससे देर-रात तक संगीत की महफिल सजेगी।

## सिटी इवेंट

# युवा बदल सकते हैं देश की तस्वीर सच्चाई के साथ रहकर दूर करें बुराई



**रायपुर।** संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर ने सविधान सभा में कहा था...इस देश को न तो गरीबी से हराया जा सकता है और न ही किसी ताकत के दम पर हराया जा सकता है। देश को सबसे बड़ा खतरा देश में रहने वाले किन्हीं लोगों से ही है। यह कहना ‘मेरा संविधान-मेरा अभिमान’ कार्यक्रम के मुख्य व्याख्याता राकेश सिन्हा का है, जिन्होंने बाबा साहब के जीवन संबंधित कठिनाइयों एवं संघर्षों को याद करते हुए उनकी सफलताओं पर जोर दिया। व्याख्यान में संविधान निर्माण के दौरान अनेक प्रसिद्ध नेताओं के संघर्षों पर भी चर्चा की गई। महाविद्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत शानदार अंदाज में किया गया। जहां आदिवासी नृत्य एवं वाद्ययंत्रों के साथ विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान सामूहिक लोकनृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। दोपहर 1 बजे से आयोजित व्याख्यान का प्रारंभ अतिथि स्वागत गायन के साथ किया गया। जहां महाविद्यालय की छात्राओं ने सामूहिक गायन की प्रस्तुति दी।



### संविधान देश की आत्मा स्वरूप

संविधान दिवस के 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मुख्य वक्ता राकेश सिन्हा, विशेष अतिथि छग राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविवि के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ला ने की। कार्यक्रम में सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को संविधान के मूल भाव को समझना होगा। भारत का संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं है बल्कि देश की आत्मा है। इसमें दिए मौलिक अधिकार के साथ-साथ व्यक्ति को अपने कर्तव्यों की भी जानकारी होनी चाहिए। वर्तमान में युवा देश की तस्वीर बदल सकते हैं, यह सच्चाई के साथ रहकर बुराई को दूर करने योग्य है। इस दौरान बाबा साहब द्वारा संविधान निर्माण के पीछे किए गए संघर्ष को याद किया गया, साथ ही संविधान में लिखे कई महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई।

# फूलों की मदद से बनाया शिवलिंग, श्रीगणेश का स्वरूप भी







रायपुर। चमेली, गेंदा, गुलाब, गुड़हल एवं सजावटी पत्तों की मदद से फूलों से देवी-देवताओं की आकृति दी गई। स्कूल में आयोजित इंटर स्कूल प्रतियोगिता में शिवलिंग, श्रीगणेश के अनेक स्वरूप देखने को मिले। इस दौरान स्व. रतन टाटा, अमर वीर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से भी छात्रों ने बुके तैयार किए। बुके के साथ विद्यार्थियों ने स्व. रतन टाटा के जीवन की विशेष उपलब्धियों और शहीद वीर जवानों के लिए चार कविता की पंक्तियां भी व्यक्त कीं। विद्यार्थियों की मदद करने एवं मनोबल बढ़ाने शिक्षकों की टीम उपस्थित रही, जिन्होंने शुरू से अंत तक सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों की मदद की। एक दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहर स्थित अनेक स्कूलों के छात्रों को एकजुट करना रहा। देशबन्धु हायर सेकेण्डरी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में फ्लॉवर डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इंटर स्कूल प्रतियोगिता में शहर के 7-8 स्कूल के छात्रों ने भी हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने स्पर्धा में आकर्षक थीम बेस्ट फ्लॉवर तैयार किया, जिसमें बुके से लेकर सजावटी वस्तुओं तक की मदद से फ्लॉवर डेकोरेशन में वस्तुएं तैयार कीं। इस दौरान निर्णायक नीरज कोठारी, रुचि पुंगलिया, अमित जंघेल उपस्थित रहे। साथ ही प्राचार्य शिशिर दास, संचालिका हनी लालवानी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### प्रतियोगिता के विजेता

एक दिवसीय स्पर्धा में 60 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान शिशु निकेतन, वीर छत्रपति शिवाजी, सिंधी शाला के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। स्पर्धा को चार समूह में विभाजित किया गया, पहले समूह में चहक साहू, नैना कुकरेजा, स्निग्धा महापात्रा विजेता रहीं। दूसरे समूह से हीर पारवानी, अलंकृत विश्वकर्मा, मानस साहू बनीं, तीसरे समूह से पूर्वी यादव, मौली सान्याल, प्रियांशु दुबे रहे। चौथे समूह में वैदही चावला, पूर्वी साहू, आराध्या विश्वकर्मा रहीं। पांचवे समूह में स्निग्धा महापात्रा, नैना कुकरेजा, अनुष्का नामदेव विजेता रहीं।

# आयुर्वेद शरीर, मन और आत्मा के संतुलन पर आधारित चिकित्सा पद्धति

**रायपुर।** आयुष मंत्रालय का देशव्यापी अभियान देश का प्रकृति परीक्षण अभियान की शुरुआत संविधान दिवस के मौके पर शुरू की गई है। एक महीने तक चलने वाले इस अभियान में एक करोड़ परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। आयुष मंत्रालय ने इसके लिए 4,70,000 से अधिक समर्पित स्वयंसेवकों को ट्रेनिंग दी है। इस दौरान चिकित्सालय की डॉ. रूमीना खान, डॉ. वर्षा और उनकी टीम द्वारा विद्यार्थियों को उनके शरीर के वात, पित्त, कफ के संबंध में स्वास्थ्य संबंधी और उनके जीवन शैली प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. रूमीना खान ने बताया कि आयुर्वेद शरीर, मन और आत्मा के संतुलन पर आधारित चिकित्सा पद्धति है। त्रि-दोष शरीर के कार्यों और स्वास्थ्य को नियंत्रित करने का काम करती है। हर दोष की अपनी विशेषताएं, गुण और कार्य होते है। दोषो के असंतुलन या विकृति के कारण हमारा शरीर बीमार पड़ता है।




## मुक्ताकाशी मंच पर फनकारों ने 24 गीतों को बेजोड़ गायकी से सजाया

कार्नर न्यूज

# पारंपरिक वाद्ययंत्रों से सजी शाम, फनकारों ने पुराने दौर के गीतों से किया भाव-विभोर

**रायपुर।** वैसे तो शहर में गीत-संगीत से लोगों का मनोरंजन करने वाली संस्थाओं में स्वर सप्तक के श्रोता भी अलग वर्ग के हैं। महान संगीतकार खय्याम की स्मृति में मुक्ताकाशी मंच पर कलाविद उदय दास के संयोजन में सुरमयी शाम का आयोजन किया गया। प्रोग्राम की खास बात ये रही कि प्रीति राजवैद्य मंच संचालन के साथ वे खय्याम के गीतों से जुड़ी यादों के साथ उनसे जुड़े किस्से भी साझा कर रही थीं। वहीं पारंपरिक वाद्ययंत्रों से सजी गीतों की महफिल का आगाज मुख्य अतिथि प्रदीप श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि डॉ. एसडी शर्मा ने करते हुए नारायण दत्त केहरी को खय्याम संगीत सम्मान से सम्मानित किया। साथ ही गीतों का सिलसिला भी शुरू हुआ।





### देर रात तक सजी रही गीतों की महफिल

संयोजक उदय दास ने श्रोताओं को बताया कि संस्था ने 16 साल में गीत-संगीत के 50 से अधिक प्रोग्राम किए हैं, इसका उद्देश्य युवा फनकारों को बेहतर मंच देना और हौसला बढ़ाना है। इस बार भी कई ऐसे फनकार सामने होंगे। खय्यामजी संगीत को लेकर क्या सोचते थे, बताते हुए पुराने दौर के गीतों के साथ ‘जाने क्या ढूंढती रहती हैं’..., गीत पेश करने के लिए ओमप्रकाश और अगले क्रम में ‘ए दिले नादां, आरजू क्या है’..., गीत से वंदना कुलदीप ने धूम मचाई।

### आगे बढ़ता रहा गीतों का दौर

गीतों का दौर आगे बढ़ता रहा और इनमें तुम अपने रंजो गम.., गीत लेकर आई शिवानी बानी ने इस गीत से वाहवाही लूटी। चांदनी रात में एक बार तुझे देखा है..., गीत से दिनेश वर्मा-भूमि सागर ने लोगों को अच्छा माहौल देने का प्रयास किया। इसके बाद मानो गीतों का सिलसिला ही शुरू हो गया। प्रोग्राम के दौरान 24 गीतों की बेजोड़ गायकी ने लोगों का मनोरंजन किया।



### बांसुरी और तबले की जुगलबंदी

की-बोर्ड की कमान ऑन स्टेज राजकुमार येशुदास ने खुद संभाली। इनके साथ गिटार पर सुबोध टोप्पो तो बांसुरी पर आशीष वाणी, तबले पर सत्यम भारती ने संगत की। ढोल पर ज्ञानेश्वर राव, राजेश नायक ने भी अपनी कला दिखाई। शाम 7 बजे शुरू हुई गीतों की महफिल के टाइटल सांग ‘मैं पल दो पल का शायर हूं’..., का इंतजार सभी संगीत प्रेमियों को रहा। इस गीत को लेकर मंच पर आए राजेश तिवारी ने अपनी गायकी से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।

## लाइव इवेंट

# शिक्षा में विस्तार लाने बनाई योजना युवाओं के साथ करेंगे जरूरतमंदों की मदद



**रायपुर।** वन बंधु परिषद के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री व चार्टर्ड अकाउंटेंट घनश्याम दास मुंदड़ा शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर राजधानी पहुंचे। प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि बैठक में श्री मुंदड़ा द्वारा 1 लाख एकल विद्यालय व एकल अभियान के तहत भविष्य में कार्यक्षेत्र का विस्तार करने को लेकर मार्गदर्शन दिया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल व महिला समिति अध्यक्ष कांता सिंघानिया ने बताया कि श्री मुंदड़ा ने रायपुर–भिलाई में आयोजित बैठक में नगरीय कार्यकर्ता व सहयोगी परिवार सहित भिलाई इकाई के वनयात्रियों से मिलकर ग्रामीण और नगरीय संगठन में समरसता बनाने को लेकर चर्चा की।

### बैठक में यह रहे उपस्थित

सचिव सरिता रेखानी ने जानकारी दी कि मुंदड़ा राजनांदगांव के गायत्री विद्यापीठ स्थित खेल मैदान ने आयोजित एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब के संभाग स्तरीय खेलकूद समारोह में शामिल होंगे। इस दौरान अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक भीमसरिया, एकल अभियान संभाग सचिव राजीव नंदे, महासचिव चंदन जैन, सहसचिव अनिल मुंदड़ा उनके साथ रहे। बैठक में प्रमुख रूप से दिव्यम अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, सविता गुप्ता, त्रिवेणी अग्रवाल, मीना अग्रवाल, राजश्री गुप्ता, अनिता अग्रवाल, सुकून अग्रवाल, उमा चंद्रानी, पूजा छाबड़ा, मधु सिंगी, ऋतु खंडेलवाल, अर्चना अग्रवाल, रेणुका शर्मा, सुधा शर्मा, शैल यद्रु, बिंदिया अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

## सिटी इवेंट

# बच्चों ने बनाया भूकंप अलार्म, महिलाओं की सुरक्षा के लिए जूते में लगाया डिवाइस



**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय में विज्ञान कार्यशील मॉडल प्रतियोगिता 3.0 का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से 65 से अधिक स्कूलों के 500 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया और 150 मॉडल प्रस्तुत किए। 400 से अधिक छात्रों ने परिसर में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल (एसएजीईएस) मोहोबा बाजार, रायपुर के विद्यार्थियों ने महिला सुरक्षा जूते पर मॉडल प्रस्तुत करने के लिए 10,000 रुपये का प्रथम पुरस्कार जीता। प्लास्टिक ईंटों के लिए अध्ययन अकादमी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रायपुर ने 7500 रुपये का दूसरा पुरस्कार जीता। दावरा इंटरनेशनल स्कूल अभनपुर को प्रशंसक आत्महत्या मामले रोकने के मॉडल के लिए 5000 रुपये का तीसरा पुरस्कार मिला। सभी विजेताओं को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और डायरी उपहार स्वरूप दी गई।

### इन मॉडल ने किया प्रभावित

प्रतिभागियों को 2500-2500 रुपये के पांच सांत्वना पुरस्कार दिए गए- स्मार्ट हेड लाइट डिटेक्टर मॉडल के लिए दावरा इंटरनेशनल स्कूल अभनपुर, केवी नया रायपुर को सुनामी डिटेक्टर प्रणाली के लिए, कृष्णा पब्लिक स्कूल, नया रायपुर को भूकंप अलार्म पर आधारित मॉडल बनाने के लिए, दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल रायपुर के विद्यार्थियों को इको फ्लो नेचर मॉडल के लिए तथा भारत माता सीनियर सेकेंडरी स्कूल नया रायपुर के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र के साथ स्मृति चिन्ह और डायरी भी प्रदान की गई।



### बच्चों का बढ़ाया उत्साह


प्रदर्शनी के निर्णायक मंडल के सदस्य राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बेरला के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. जगपाल सिंह बल थे। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर ने रजिस्ट्रार डॉ. संदीप गांधी और अन्य संकाय सदस्यों तथा मार्केटिंग टीम की उपस्थिति में इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अंग्रेजी विभाग की सहायक प्रोफेसर सुश्री विशाखा तिवारी समारोह की संचालिका थीं। विज्ञान कार्यशील मॉडल प्रतियोगिता का तीसरा सत्र था।

● लोक शिक्षण संचालनालय ने प्री-बोर्ड परीक्षा की समय सारिणी की जारी, 20 जनवरी से एग्जाम

# प्री-बोर्ड से स्टूडेंट समझें अपनी गलतियां, समय पर लिखने और कठिन विषयों को पढ़ने पर दें जोर

लोक शिक्षण संचालनालय ने प्री-बोर्ड परीक्षा की समय सारिणी जारी कर दी है। विभाग द्वारा प्रदेश के प्रत्येक जिले एवं विद्यालय में सूची जारी कर परीक्षा की जानकारी साझा की गई है। समय सारिणी के अनुसार प्री-बोर्ड परीक्षा दोपहर 12 बजे से 3.15 बजे तक संचालित की जाएगी, जिसका प्रारंभ 20 जनवरी 2025 से किया जाएगा। समय सारिणी के आते ही सीजी बोर्ड स्कूलों में परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है, जहां सिलेबस और पूर्व परीक्षा पत्र के अनुसार वार्षिक परीक्षा की तैयारी अभी की जा रही है।

**रायपुर।** प्री-बोर्ड परीक्षा की समय सारिणी जारी होने के साथ ही विद्यार्थी एवं परिजनों में तनाव बढ़ जाता है। जहां मुश्किल विषयों की तैयारी और लेखन को लेकर चिंता में रहते हैं। वार्षिक परीक्षा से पहले अपनी तैयारियों को लेकर जांच का यह सबसे बेहतर मौका होता है, जहां पूर्ण तैयारी कर छात्र अपने तैयारी समझ सकते हैं। मनचाहे महाविद्यालय में दाखिले के लिए बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए बोर्ड परीक्षा में अच्छे नंबर हासिल करना आवश्यक है। इसके लिए वे साल की शुरुआत से ही अपनी तैयारी में लगे रहते हैं। हरिभूमि ने शहर स्थित विद्यालयों के शिक्षकों से विषय संबंधित चर्चा की। शिक्षकों के अनुसार, वार्षिक परीक्षा में अच्छे नंबरों से पास होने के लिए अभी भी काफी वक्त छात्रों के पास है। जिन विद्यार्थियों ने अब तक पढ़ाई शुरू न की हो, वही समय सारिणी तैयार कर आज से ही अपनी वार्षिक परीक्षा की तैयारी प्रारंभ कर सकते हैं।




### फिजिक्स में न्यूमेरिकल प्रश्न महत्वपूर्ण

शासकीय विद्यालय की शिक्षिका आकृति तिवारी ने बताया, बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए ब्लू प्रिंट सबसे अच्छा माध्यम है। फिजिक्स विषय में सबसे महत्वपूर्ण डेरिवेशन और न्यूमेरिकल प्रश्न होते हैं। अधिक नंबर वाले प्रश्नों को क्रमबद्ध लिखा जाता है, पहला डेरिवेशन जिसमें पूछे गए प्रश्न के बारे में एक संक्षिप्त जानकारी होती है। दूसरा डाइग्राम, तीसरा डाइग्राम को नाम के साथ लिखें, आखिर में अन्य जानकारी साझा करते चलें।



### प्री-बोर्ड में टाइम मैनेजमेंट की प्रैक्टिस

शासकीय विद्यालय की शिक्षिका ने बताया, अंग्रेजी विषय में सबसे अधिक नंबर लाए जा सकते हैं। इसमें लेटर, आर्टिकल और नोटिस की तैयारी सबसे पहले करें। ग्रामर में टेंस, वॉइस, नरेशन सबसे महत्वपूर्ण है, इनमें से ही प्रश्न पूछा जाता है। छह नंबर के जवाब में कैरेक्टर स्केच और टाइटल जस्टिफाई के प्रश्न पूछे जाते हैं। परीक्षा के दौरान 3 घंटे में सभी प्रश्नों हल करने का प्रयास करें। परीक्षा के अंतिम 40 मिनट में अनसीन पैसेज को हल करें, जिसमें पैसेज को ध्यान से पढ़कर उनमें से उत्तर तैयार करने का प्रयास करें। प्री-बोर्ड में ही टाइम मैनेजमेंट के साथ सभी प्रश्नों को हल करने का प्रयास करें, जिससे वार्षिक परीक्षा में मदद मिलेगी।

### साल 2019 के बाद के प्रश्नों को प्राथमिकता

भनपुरी स्थित शासकीय विद्यालय की शिक्षिका शीला वर्मा ने बताया, वार्षिक परीक्षा की तैयारी अभी से शुरू करें। ब्लू प्रिंट के अनुसार अधिक-कम अध्याय के प्रश्नों को ध्यान में रखकर पढ़ाई करें। साल 2019 में प्रश्नों के पैटर्न में बदलाव किया गया था, इसलिए 10वीं-12वीं के छात्र 2019 के बाद के प्रश्नों को प्राथमिकता के साथ पढ़ें। दसवीं के छात्र गणित विषय में सांख्यिकी शाखा, ग्राफ, रचनाएं और बैंकिंग के प्रश्नों पर विशेष ध्यान दें। प्रश्नों को हल करने के दौरान अधिक से अधिक सूत्र लिखते चलें, साथ ही सूत्र को बॉक्स में लिखें। गणित विषय में शॉर्टकट लेने के बदले समय देकर प्रश्नों को हल करते चलें।



### सरल प्रश्नों को पहले हल करें

निजी स्कूल की शिक्षिका चारूशीला देव ने बताया, विज्ञान विषय में डाइग्राम का विशेष महत्व है। डाइग्राम बनाने के साथ ही उसका उल्लेख करना जरूरी है। स्कूल और ट्यूशन में पढ़ाई करने के बाद भी घर में सेल्फ स्टडी जरूर करें, इससे प्रश्नों लंबे समय तक याद रखने में मदद मिलती है। फिजिक्स, केमिस्ट्री और विज्ञान एक टेक्निकल सब्जेक्ट है, परीक्षा के दौरान इसके जवाब एक सीक्वेंस में लिखें। प्री-बोर्ड विद्यार्थियों की परीक्षा संबंधित तैयारी मजबूत करने के लिए लिया जाता है, इसकी पढ़ाई गंभीरता के साथ ही करें। परीक्षा में पहले सरल प्रश्नों को हल करें, याद प्रश्नों को पहले हल करने से समय की बचत होती है।

# अब जरूरत को समझें, रक्तदान से भी जरूरी है माता-पिता को वक्त देना

श्रीरामकथा मर्मज्ञ पं. शंभूशरण लाटा महाराज ने कहा- समय के साथ आदत बदलें

**रायपुर।** माताओं-बहनों, रक्तदान करने से ज्यादा जरूरी अब माता-पिता को वक्त देना है। जो करना है आज ही कर लो, क्योंकि जरूरत पड़ने पर लोग हाथ छुड़ा लेते हैं। दुख में कोई साथ देने वाला नहीं है। जो कैकेयी दशरथ के प्राणों की रक्षा करने वाली थीं, वे ही प्राण लेने वाली बन गईं। अगर घर में माता-पिता साथ रहते हैं तो उन्हें भी वक्त देने की आदत हर किसी को डाल लेनी चाहिए। यह बात श्री महामाया देवी मंदिर पुरानी बस्ती में जारी श्रीरामकथा के छठवें दिन कथा मर्मज्ञ पं. शंभूशरण लाटा महाराज ने रामकथा के दौरान श्रोतावृंद से कही।



### सुमंत के जैसा होना चाहिए मंत्री



जिस दिन प्रभु राम का राज्याभिषेक था, सूर्योदय हो गया, लेकिन राजा दशरथ नहीं उठे। कैकेयी ने बताया, राजा को रातभर नींद नहीं आई। वे केवल राम-राम बोल रहे थे। रानी ने राम को बताया कि प्रभु चिंतित हैं। प्रभु राम मंत्री सुमंत को साथ लेकर महल में गए। समाधान निकाला, किंतु मुख्य बात को गुप्त रखा। मंत्री हमेशा सुमंत जैसा ही होना चाहिए, जो गुप्त बातों को जाहिर न होने दे। राम ने भी मंत्री से अपने पिता के समान ही सदा व्यवहार किया।

### भजन करने वाले हराम का नहीं, राम का खाते हैं

आगे कहा कि बुजुर्गों का बहुत अपमान हो रहा है। अब रामराज्य लाना पड़ेगा। राम ने माता से पूछा कि पिता को किस बात की चिंता है। आगे बताया कि प्रभु राम ने कैकेयी को तीन बार जननी से संबोधित किया। जननी का अर्थ जन्म देने वाली। माता-पिता को सुख-संतोष देने वाला पुत्र कलयुग में दुर्लभ है। गुरु, संत व ब्राह्मणों के विपरीत विचारधारा रखने वालों को महाराज ने आगाह किया। बोले, भजन करने वाले हराम का नहीं, वे राम का खाते हैं।

# डिजिटल युग में विद्यार्थियों का झुकाव ई-कंटेंट के प्रति अधिक

**रायपुर।** आज की पीढ़ी डिजिटल वर्ल्ड में रहती है। इन्हें शिक्षित करने के लिए विश्वसनीय, प्रमाणित और गुणवत्तापूर्ण ई-कंटेंट आवश्यक हो गया है। विद्यार्थियों को सिर्फ क्लास रूम में बांधकर नहीं रखा जा सकता, इन्हें ई-कंटेंट के माध्यम से जानकारी भी दी जानी चाहिए। यह कहना है रविवि के पूर्व कुलसचिव प्रो. गिरीशकांत पांडेय का। जो महाविद्यालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नेशनल वर्कशॉप में अतिथि स्वरूप शामिल हुए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा, वर्तमान समय में विद्यार्थियों का झुकाव ई-कंटेंट के प्रति अधिक है। ऐसे में प्रोफेसरों को भी छात्रों के अनुसार ही पढ़ाई कराने की आवश्यकता है।




### ई-कंटेंट विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला

विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय एवं विवेकानंद महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के वाणिज्य एवं प्रबंध संकाय द्वारा 'ई-कंटेंट डेवलपमेंट विद एक्सेसिबल प्लेटफॉर्म इन वेरियस फैकल्टी ऑफ स्टडीज' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से रोजाना दो सौ से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रो. गिरीशकांत पांडे और रविवि से फार्मेसी विभाग से प्रो. प्रीति के. सुरेश उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रो. प्रीति ने कहा कि वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए ई-कंटेंट विकसित करना आवश्यक हो गया है। इस प्रणाली से शिक्षा में सुधार लाया जा सकता है, जिससे आधुनिकता के साथ विद्यार्थियों को पढ़ाई से जोड़ा जा सकता है। आयोजन में विप्र कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी, विवेकानंद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा, गुजरात यूनिवर्सिटी से विषय विशेषज्ञ डॉ. ममता ब्रह्मभट्ट, कार्यशाला की संयोजक डॉ. आराधना शुक्ला उपस्थित रहे।

गोड़वाना महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूमे दर्शक, मेले में उमड़ी दर्शकों की भीड़

# कथक की भाव-भंगिमा ने मोहा मन, गीतों पर थिरके श्रोतावृंद

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** मां पीतांबरा जनसेवा समिति की ओर से बीटीआई ग्राउंड में आयोजित 17 दिवसीय गोंडवाना राष्ट्रीय आजीविका एवं सांस्कृतिक कला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मेले के तीसरे दिन प्रदेश सहित रायपुर के कलाकारों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी। मेले में घूमने आए दर्शकों ने खूब इंजॉय किया और कई गीतों पर खूब थिरके। मेले के आयोजक बालेंद्र सिंह कुशवाहा, वैभव सिंह सिसोदिया और सौरभ सिंह सिसोदिया ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े पैमाने पर मेले का आयोजन किया गया है। जहां हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट की वस्तुओं के साथ राजस्थान के संगमरमर और पत्थर की मूर्तियां भी उपलब्ध हैं। वहीं सहारनपुर के फर्नीचर और असम की शॉल को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। सौरभ ने बताया कि मेले में हर दिन अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जिसमें कोई भी प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन कराकर भाग ले सकता है, इसके लिए अभी भी रजिस्ट्रेशन पोर्टल खुला हुआ है। मेले में 300 से अधिक अलग-अलग प्रकार की दुकानें सजी हैं।





### मेले में लुभा रहे स्टॉल

हर साल की तरह इस साल भी मेले में देश-प्रदेश के विभिन्न हस्तशिल्प, हैण्डलूम, ऑटोमोबाइल, फूड जोन, घरेलू उपकरण, फर्नीचर, प्रॉपर्टी, रीयल एस्टेट, मनोरंजन, गॉरमेंट्स, ज्वेलरी और कई राज्यों की प्रदर्शनी लगी है, जिसमें भारी छूट मिल रही है। रायपुर में पहली बार 28 सीटर जॉइंट व्हील झूला, ड्रैगन, पैंथर और बच्चों के कई प्रकार के आकर्षक झूले भी हैं।

### पैरों की थाप और पायल की झंकार ने मोहा मन



शनिवार की शाम लखनऊ घराने से आशना दिल्लीवार ने कथक नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। उनके पैरों की थाप और पायल की झंकार पर लोग खूब झूमे। उन्होंने लखनऊ घराना आधारित कथक नृत्य की प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में आशना ने उठान द्रुत लय में, गणेश वंदना, थाट, आमद, ताल त्रिताल में परन, तोड़ा, चक्करदार परन की प्रस्तुति दी। इसके बाद भाव पक्ष में त्रिताल में ही ब्रज की होरी पर आधारित दृश्य प्रस्तुत दी। तत्पश्चात राधा-कृष्ण की पनघट पर नोक-झोंक पर आधारित ठुमरी की मनमोहक प्रस्तुति रही। अन्य कलाकारों नृत्य और संगीत की प्रस्तुति दी। साउंड रिकार्डिंग में तबला पर अभिषेक थवाईत व हारमोनियम पर श्री शंकर ने संगतकार किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### वेटरन क्रिकेट में क्यूसी आई क्लब बना विजेता




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ लेजेन्डस प्रीमियर लीग 2024 का समापन शनिवार को हुआ। एक दिसंबर से शुरू हुई प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की कुल 6 टीम शामिल हुई। जिसमें 35 वर्ष से अधिक की आयु के लगभग 120 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। शनिवार को फाइनल मैच खेला गया। जिसमें क्यूसीआई क्लब, रायपुर को जीत हासिल हुई। फाइनल मैच क्यूसीआई क्लब, रायपुर तथा स्टील टायटन्स भिलाई के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर में खेला गया। क्यूसीआई क्लब, रायपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। स्टील टायटन्स, भिलाई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 19.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 100 रन बनाये। स्टील टायटन्स, भिलाई की ओर से जितेंद्र शुक्ला ने 28 रन तथा संदीप मोरे ने 17 रन बनाये। क्यूसीआई क्लब, रायपुर की ओर से जितेंद्र गिरी ने 3 विकेट तथा अनिमेश शर्मा ने 2 विकेट लिये। 101 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्यूसीआई क्लब, रायपुर की टीम ने 15.5 ओवरों में 3 विकेट खोकर 101 रन बनाये तथा मैच जीत लिया। क्यूसीआई क्लब, रायपुर की ओर से नरेश कश्यप ने नाबाद 55 रन तथा जितेंद्र गिरी ने 25 रन बनाये। स्टील टायटन्स, भिलाई की ओर से क्रांति, प्रशांत ने अमर सिंह ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। क्यूसीआई क्लब, रायपुर ने मैच 7 विकेट से जीत लिया। क्यूसीआई क्लब, रायपुर के जितेंद्र गिरी प्लेयर ऑफ द मैच रहे। प्रतियोगिता के अन्य मुख्य पुरस्कारों में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट - चंद्रशेखर खुंटे (बजाज चेतक इलेक्ट्रिक),सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज-जितेन्द्र गिरी,सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज-विक्रम बत्रा, सर्वश्रेष्ठ कीपर-नरेश कश्यप, सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर -कृष्ण कुमार द्विवेदी शामिल हैं। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य रूप से विजय शाह, डायरेक्टर सी.एस.सी.एस, तरुणेश सिंह परिहार, वाइस प्रेसिडेंट, बोर्ड ऑफ वेटरन क्रिकेट ऑफ इंडिया तथा सचिव सी.वी.सी.ए तथा रॉबिन सिंह, प्रेसिडेंट, सी.वी.सी.ए उपस्थित थे।

### योग प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया स्टूडेंट ने



**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के तत्वावधान में शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतर महाविद्यालयीन योग महिला/पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 16 महाविद्यालयो के खिलाड़ी क्रीड़ाधिकारी सम्मिलित हुए। उदघाट्न समारोह में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ किरण गजपाल ने योग के महत्त्व पर प्रकाश डाला साथ ही मंच में प्रोफेसर राजीव चौधरी एवं डॉ मंजू झा उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में सभी योग साधक खिलाड़ियों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया,इस प्रतियोगिता से प. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की टीम का गठन हुआ, जो आगामी स्पर्धा केआईआईटी यूनिवर्सिटी में भाग लेगी। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी डॉ कर्मिष्ठ शंभरकर ने किया। सभी विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत करके उनका उत्साहवर्धन किया गया।

### सीनियर स्टेट ओपन वुडबॉल में जयेश- को रजत पदक




**रायपुर।** गरियाबंद जिले के पंडुका में 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक आयोजित 5वीं सीनियर स्टेट ओपन वुडबॉल चैंपियनशिप के मिक्स डबल्स इवेंट में रायपुर की जोड़ी जयेश तिवारी और दुर्गा भोईहार ने रजत पदक जीता। चैंपियनशिप में रायपुर, बलौदा बाजार, महासमुंद, सरगुजा, गरियाबंद और धमतरी जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। मिक्स डबल्स इवेंट में जयेश और दुर्गा की जोड़ी ने शुरू से बेहतरीन तालमेल और सटीक शॉट्स लगाए। फाइनल मुकाबला बेहद प्रतिस्पर्धात्मक रहा। दोनों खिलाड़ियों की इस सफलता पर रायपुर के खेल प्रेमियों, प्रशिक्षकों और स्थानीय अधिकारियों ने बधाई दी। स्पर्धा के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में गरियाबंद के कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल (आईएएस) ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए वुडबॉल जैसे खेल को राज्य स्तर पर बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। अन्य प्रमुख अतिथियों में जितेंद्र पटेल, सचिव (छत्तीसगढ़ वुडबॉल संघ), साजन साहू, उप सचिव और राकेश कुमार शर्मा शामिल थे।

● सेहत की बात : तनाव और बीपी का है सीधा रिश्ता, करें उपाय

# तनाव के चलते बढ़ा रहता है बीपी, उपाय के लिए हमेशा अपने पास रखें कुछ चीजें तो मिलेगा आराम

विशेषज्ञ कहते हैं, जो लोग अधिक तनाव लेते हैं उनमें समय के साथ ब्लड प्रेशर और इसके कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है। ब्लड प्रेशर और स्ट्रेस को कंट्रोल कैसे किया जाए? आइए इसका आसान तरीका जानते हैं।

ब्लड प्रेशर बढ़े रहने की स्थिति को संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक माना जाता है। अगर ये अनियंत्रित हो जाए तो हृदय रोग और गंभीर स्थितियों में हार्ट अटैक-स्ट्रोक का भी कारण बन सकती है। यही वजह है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को नियमित अंतराल पर ब्लड प्रेशर की जांच करते रहने और इसे कंट्रोल रखने के लिए उपाय करने की सलाह देते हैं। ये जरूरी नहीं है कि आपको 40 की उम्र के बाद ही हाई ब्लड प्रेशर की समस्या होगी। कई रिपोर्ट्स बताते हैं कि कम उम्र, यहां तक कि 20 से कम आयु वाले भी इससे पीड़ित हो सकते हैं।



## ज्यादा स्ट्रेस लेना भी सेहत के लिए ठीक नहीं

हाई ब्लड प्रेशर तो खतरनाक है ही साथ ही जो लोग अक्सर तनावग्रस्त रहते हैं, उनमें भी कई प्रकार की स्वास्थ्य जटिलताएं हो सकती हैं। स्ट्रेस की स्थिति आपके ब्लड प्रेशर को बढ़ाने वाली हो सकती है। तनाव के कारण शरीर में स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल का स्राव बढ़ जाता है। कोर्टिसोल का लगातार बढ़ा रहना दिल की धड़कनों को तेज कर देता है और रक्त वाहिकाओं को संकरा बना देता है। ये स्थितियां कुछ समय के लिए रक्तचाप बढ़ा देती हैं। इतना ही नहीं स्ट्रेस पर अगर ध्यान न दिया जाए तो इसके कारण हृदय स्वास्थ्य से संबंधित दिक्कतों के बढ़ने का भी खतरा रहता है। पर ब्लड प्रेशर और स्ट्रेस को कंट्रोल कैसे किया जाए? आइए इस बारे में जानते हैं।

## ब्लड प्रेशर कंट्रोल रखने के लिए हमेशा साथ रखिए डार्क चॉकलेट

ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने के लिए हमेशा अपने पास डार्क चॉकलेट रखिए। अगर आपको लगे कि ब्लड प्रेशर बढ़ गया है तो थोड़ा चॉकलेट खाइए। डार्क चॉकलेट में मौजूद फ्लेवनॉल यौगिक शरीर में नाइट्रिक ऑक्साइड के उत्पादन को उत्तेजित करते हैं। नाइट्रिक ऑक्साइड रक्त वाहिकाओं को फैलाने या चौड़ा करने में मदद करता है, जिससे रक्त प्रवाह में सुधार होता है और रक्तचाप कम होता है।

## स्ट्रेस में भी मिलता है आराम

ब्लड प्रेशर की तरह स्ट्रेस को कम करने में भी डार्क चॉकलेट खाने से लाभ मिलने के संकेत हैं। ये कोर्टिसोल के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है, जिससे तनाव में आराम मिलता है। इसके अलावा डार्क चॉकलेट खाने से मस्तिष्क की कार्यप्रणाली में भी सुधार हो सकता है। अल्जाइमर और पार्किंसंस रोग जैसी न्यूरोडीजेनेरेटिव समस्याओं को रोकने में भी इससे मदद मिल सकती है।

साल 2018 के एक अध्ययन के निष्कर्ष से पता चलता है कि डार्क चॉकलेट में मौजूद फ्लेवनॉल न्यूरोप्लास्टिसिटी को बढ़ावा देते हैं, जो मस्तिष्क की खुद को पुनर्गठित करने की क्षमता है, इससे ब्रेन स्वस्थ बना रहता है।

## डार्क चॉकलेट खाने के और भी कई फायदे

डार्क चॉकलेट खाने के और भी कई फायदे हैं। इसमें कोको होता है जिसे कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ के लिए जाना जाता है।



# सेहतमंद रहने में मदद कर सकता है ग्राउंडिंग, जानें फायदे



क्या आपको मालूम है कि आप हर रोज 30 मिनट खुद को जमीन से जोड़ते हैं, रेत में चलते हैं या घास पर टहलते हैं तो इससे सेहत को कितना फायदा मिलता है। दरअसल इसे हम ग्राउंडिंग के नाम से जानते हैं,जो आपको कई लाभ पहुंचा सकता है। लेकिन ग्राउंडिंग का मतलब होता है नंगे पांव, घास, रेत या मिट्टी के संपर्क में पैरों को लाना। यह ऐसा नेचुरल तरीका है जिससे शरीर को कई तरह से लाभ मिल सकता है। इससे आप सेहतमंद बन सकते हैं। आजकल ग्राउंडिंग को लोग काफी ज्यादा फॉलो कर रहे हैं। हेल्थ एक्सपर्ट लवनीत बत्रा से जानते हैं ग्राउंडिंग के क्या-क्या फायदे हो सकते हैं।

## ग्राउंडिंग के फायदे



ग्राउंडिंग से आपकी नींद में सुधार हो सकता है। जब आप जमीन से जुड़ते हैं तो आपके शरीर का स्ट्रेस हार्मोन स्थिर हो जाता है, जिससे आपको शांति का एहसास होता है। आपकी नींद की गुणवत्ता बेहतर होती है। ग्राउंडिंग से शरीर में रक्त का संचार बेहतर होता है, जिससे सूजन और दर्द को कम करने में मदद मिलती है। क्रॉनिक दर्द में आराम मिलता है। ब्लड प्रेशर को मेंटेन करने में मदद मिलती है। इससे आपका तनाव कम होता ह। जब आप जमीन से खुद को जोड़ते हैं, जमीन की ऊर्जा आपके अंदर आती है तो एक पॉजिटिव एनर्जी का संचार होता है। यह आपके दिमाग को ताजगी और ठंडक का अनुभव दिलाता है। कभी आप थके हो और तब नंगे पांव रेत या घास पर चल कर देखिए आपको बेहद शांति और ताजगी का एहसास होगा।

# सिमरन रॉयल किंग्स नागपुर टीम को मिली एकतरफा जीत

## दूसरे मैच में शहीद जसजीत इलेवन कश्मीर ने खालसा वॉरियर्स नांदेड़ को हराया

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के डब्ल्यूआरएस क्रिकेट मैदान में शनिवार को 16 वीं सिख प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत दो मैच खेले गए। पहले मैच में शहीद जसजीत इलेवन कश्मीर ने खालसा वॉरियर्स नांदेड़ को 11 रनों से हराया वहीं दूसरा मैच पूरी तरह एकतरफा रहा जिसमें सिमरन रॉयल किंग्स नागपुर के तूफान में सिंह इलेवन पलपोरा कश्मीर उड़ गए और 71 रनों से मैच हार गए। इस मैच की खास बात ये रही कि नागपुर के उद्घाटक दोनों बल्लेबाजों ने शतक जड़ दिया और पूरे 20 ओवर खेलकर मैदान से नॉट आउट लौटे। पहले मैच में शहीद जसजीत इलेवन कश्मीर की टीम 19.5 ओवर में 160 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। 6 चौकों की मदद से चमोकर सिंह ने सर्वाधिक 52 रन (37 गेंद) बनाए। इसके बाद



मनदीप 18 व गगनदीप ने 17 रनों का योगदान दिया। नांदेड़ की ओर से सजन मीत, चरणजीत सिंह, रोमी व सिमरजीत सिंह ने 2-2 विकेट लिए। इसके बाद खेलने उतरी नांदेड़ की टीम 20 ओवर तो पूरा खेली लेकिन 9 विकेट खोकर 149 रन से आगे नहीं बढ़ पाई और मैच 11 रनों से हार गई। एकमात्र बल्लेबाज रहे रुपिंदर सिंह जिन्होने 40 गेंदों में 73 रनों की शानदार पारी खेली। दूसरे टाप स्कोरर रहे तेजपाल सिंह जिन्होंने 31 रन बनाया। नांदेड़ की ओर से 3 ओवर में 9 रन देकर 3 विकेट लेने वाले भूपिंदर सिंह को मैन ऑफ द मैच दिया गया। दूसरे मैच में शानदार बल्लेबाजी का नजारा देखने को मिला जब सिमरन रॉयल किंग्स नागपुर के दोनों ही ओपनर बल्लेबाजों ने शतक ठोक दिया। सुकमन सिंह ने 105 रन (56 गेंद) जिसमें 11 चौके व 6 छक्के शामिल थे और मनवीर सैनी ने 100 रन (66 गेंद) में 11 चौके व 3 छक्के लगाये। 15 अतिरिक्त रन मिलाकर टीम ने 20 ओवर में 220 रनों का विशाल लक्ष्य सिंह इलेवन पलपोरा कश्मीर के समक्ष रखा।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
ALERT SGS PVT. LTD.
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com
7746000016,7747000019

थोक रेट में रेडी स्टॉक
मेट्रेस हर साईज, हर मोटाई में, EP चैन कव्हर लगा, EP फोम (फोम)
गद्दा, सभी प्रकार के कव्हर, प्रोटेक्टर, सभी प्रकार के रूई गद्दा, तकिया,
बीन बैग, सोफा कमबेड, फाईबर तकिया, लोड
संजय रूई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

SM@RT
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com
0771-2433880
Fire Detection
Boom Barrier Gate Automn
Audio Conf
Smart Class Set up
Walky Talky
Smart Interative Panle

मेन्स वियर मेला BRAND BAZAR
INTERNATIONAL BRAND
होलसेल से भी कम रेट में !
इससे अच्छा और सस्ता कहीं नहीं !
• जींस • टी-शर्ट • शर्ट • लोअर • बरमूडा
मानसरोवर
मानसरोवर छत्तीसगढ़ का पहला
मेन्स होलसेल हब जहाँ बड़े इंटरनेशनल ब्रांड के
आज ही विजिट करें:
80-81 टेक्सटाइल्स मार्केट गेट न. 2 के पास पंडरी, रायपुर
7880002712
7880002704

पिकनिक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक
बारनावापारा, सिरपुर में पिकनिक प्रति व्यक्ति केवल 650/- में
नाश्ता - दोपहर का लंच, शाम की चाय (मिनिमम 50 व्यक्तियों हेतु)
आओ और अपने परिवार और मित्रों के साथ एक यादगार दिन बिताएं !
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
Book Now ▪ KITTY PARTY ▪ ANNIVERSARY ▪ BIRTHDAY PARTY
भामरा गार्डन बारनवापारा
9589386162

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

विक्ट्री इलेक्ट्रिक VICTORY
मात्र 10,000 रूपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
ई-रिक्शा, बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
एक बार चार्ज होने पर 100 से 120 किमी. चलती जाएं
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ विक्ट्री इलेक्ट्रिक पर
पॉवर सॉल्यूशन
हुण्डई शो रूम के पास, रिंग रोड नं. 1 कुशालपुर, रायपुर (छ.ग.)
6263745853
9827129838

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

GK TMT सपनों को जीके देखो
श्रीनाथ ट्रेड लिंक के सौजन्य से
दुर्गा मंदिर के पास मेन रोड डुंडा, रायपुर
मो. 98271-34515 89592-22666
लकी ड्रॉ 31 मार्च 2025 को
150 बंडल जीके टीएमटी की खरीदी पर आकर्षक उपहार
प्रथम प्राइस 265 लीटर डबल डोर फ्रिज
द्वितीय प्राइस टॉप लोड वाशिंग मशीन
अन्य प्रतिभागी जो 150 बंडल टीएमटी उठा चुके हैं उनके लिए अन्य आकर्षक उपहार

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## माइकल जैक्सन की बेटी ने की सगाई, प्रेमी ने खास अंदाज में सिंगर को किया प्रपोज



पैरिस जैक्सन और जस्टिन लॉन्ग की सगाई ने सोशल मीडिया पर जबरदस्त हलचल मचाई है। 26 वर्षीय पैरिस अपने पिता माइकल जैक्सन की तरह संगीत के क्षेत्र में नाम कमा चुकी हैं। उन्होंने इस खूबसूरत मौके को अपने फैंस के साथ साझा किया है। माइकल जैक्सन की बेटी पैरिस जैक्सन ने सगाई कर ली है। 26 वर्षीय सिंगर और मॉडल ने यह खुशी 6 दिसंबर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के से साझा की। पैरिस ने अपने लॉन्गटाइम बॉयफ्रेंड और निर्माता जस्टिन लॉन्ग से सगाई की है। इस मौके पर दोनों की कुछ खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। पैरिस ने पोस्ट में लिखा, ₹हैप्पी बर्थडे माय स्वीट ब्लू। इन वर्षों में आपके साथ जिंदगी बिता एक ऐसा अनुभव रहा, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। मैं किसी और के साथ ऐसे नहीं जी सकती थी। मुझे अपना बनाने के लिए धन्यवाद। मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं।₹ इस पोस्ट में जो तस्वीरें साझा की गई हैं, उनमें दोनों के बीच के प्यारे और मस्ती भरे लम्हों को दिखाया गया है। इनमें कार में खेलते हुए, फोटो बूथ में खींची गई तस्वीरें और हाइकिंग करते हुए लम्हे भी शामिल हैं। इस पोस्ट की सबसे खास तस्वीर वह थी, जिसमें जस्टिन लॉन्ग पैरिस को एक घुटने पर बैठकर प्रपोज करते हुए नजर आए। इसके अलावा, पैरिस ने इंस्टाग्राम स्टोरीज में भी उनके रोमांटिक प्रपोजल के कुछ और खास पल शेयर किए। पैरिस और जस्टिन की प्रेम कहानी 2022 में शुरू हुई थी।

### टॉलीवुड


## तलाक के बाद एक साल का ब्रेक लेने जा रहे रहमान, जानें सच्चाई



मशहूर संगीतकार एआर रहमान अपनी पत्नी सायरा बानो से अलग होने की वजह से लगातार सुर्खियों में हैं। इस बीच हाल ही में सोशल मीडिया यह दावा किया जाने लगा कि वह संगीत की दुनिया से एक साल के लिए ब्रेक लेने जा रहे हैं। अब इन दावों पर उनकी बेटी और गायिका खतीजा रहमान की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने अपने पिता के एक साल के ब्रेक लेने की खबरों का खंडन किया है। कई रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया पोस्ट्स में दावा किया जा रहा था कि एआर रहमान अपने व्यक्तिगत जीवन में चल रही समस्याओं के कारण एक साल का ब्रेक लेंगे। इन दावों का जवाब देते हुए खतीजा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ₹कृपया ऐसी बेकार अफवाहें फैलाना बंद करें।₹ संगीतकार एआर रहमान ने हाल ही में यह घोषणा की थी कि वह और उनकी पत्नी सायरा बानो, से अलग हो रहे हैं। दोनों 29 वर्षों तक पति पत्नी के रूप में से एक साथ थे। यह खबर 19 नवंबर को खुद रहमान ने सोशल मीडिया पर साझा की थी। उन्होंने लिखा था, ₹हमने तीस साल साथ बिताने की उम्मीद की थी, लेकिन हर चीज का एक अनदेखा अंत होता है।₹ इससे पहले, 19 नवंबर को ही सायरा बानो के वकील वंदना शाह ने इस जोड़े के अलग होने के बारे में एक आधिकारिक बयान जारी किया था। बयान में कहा गया, ₹सायरा ने अपने पति से अलग होने का कठिन निर्णय लिया है, जो उनके रिश्ते में गहरे भावनात्मक तनाव के कारण लिया गया। हालांकि, दोनों के बीच गहरी मोहब्बत थी, लेकिन समस्याओं और कठिनाइयों के चलते उनके बीच एक खाई बन गई, जिसे अब पार करना संभव नहीं था।₹ सायरा बानों और एआर रहमान का विवाह 1995 में हुआ था और अब यह जोड़ा अपने रिश्ते के इस कठिन अध्याय को पार कर रहा है।

### छॉलीवुड

## 'दूल्हा राजा' का विदाई गीत 'घर तरी खड़े हे बरतिया' धूम मचा रहा यू-ट्यूब पर



बहुप्रशंसित छत्तीसगढ़ी फिल्म 'दूल्हा राजा' का विदाई गीत 'घर तरी खड़े हे बरतिया' यू-ट्यूब पर अपलोड कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ी पारंपरिक धुन पर बना यह गीत इंटरनेट पर भी खूब पसंद किया जा रहा है। फिल्म में मनोरंजन के साथ-साथ मूल रूप दहेज कुप्रथा के खिलाफ एक सकारात्मक संदेश दिया गया है। इस फिल्म में आठ अलग अलग विधा के कर्मा, बिदाई, गोद भराई, मेहंदी, जस गीत, रैप सांग, राज गीत जैसी पारंपरिक छत्तीसगढ़ महतारी गीत शामिल है। फिल्म को बड़े परदे पर दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। अब इसका गीत यू-ट्यूब पर अपलोड किया गया है। फिल्म की स्टार कास्ट में राज वर्मा, काजल सोनबर, प्रदीप शर्मा, उपासना वैष्णव, संजय महानंद, हेमलाल कौशल, शैलेन्द्र भट्ट, अनुराधा दुबे, अंशु मानिकपुरी, क्रांति दीक्षित, सोहेल खान, राकेश यादव, दिव्या नागदेवे, राखी बंजारे, मनीषा वर्मा, रवि शर्मा , सलीम अंसारी, राजू शर्मा, अनुपम वर्मा और मनमोहन सिंह ठाकुर शामिल हैं। फिल्म के निर्माता निर्देशक,कहानी, पटकथा, संवाद-राज वर्मा,संगीत-सुनील सोनी,पार्श्व गायन सुनील सोनी,चंपा निषाद, गीतकार-दिलीप पटेल,कोरियोग्राफर-चंदन दीप, डीओपी-तोरण राजपूत,एसोसिएट डायरेक्टर-संतोष नारायण गुप्ता और प्रोडक्शन कंट्रोलर-धनराज साहू शामिल हैं।




डायर कलेक्शन के कलात्मक निदेशक किम जोन्स के लिए लंदन और पेरिस की महान नदियाँ जीवित प्रेरणा का काम करती हैं। यहाँ, पानी के भंवर और प्रवाह फैशन को दर्शाते हैं, जिसमें डायर विंटर 2024 लाइन भी शामिल है, जिसमें प्रवाह, गति, सहजता और तरलता केंद्रीय हैं। किम जोंस के कलेक्शन प्रभाव छोड़ते हैं, जिनकी अलग पहचान है। इन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा मिलती रही है।

## ठंड में स्किन केयर रूटीन में भूल से भी ना शामिल करें ये चीजें

अगर आप ठंड के दिनों में अपनी स्किन की बेहतर तरीके से केयर करना चाहती हैं तो ऐसे में आपको कुछ चीजों को इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। ठंड का मौसम आ गया है और यह अधिकतर लोगों के मन को लुभाता है। लेकिन इस मौसम में अपनी स्किन की देखभाल करना और रूखेपन व जलन की समस्या को दूर करना आपके लिए थोड़ा कठिन हो सकता है। बाहर की ठंडी व रूखी हवाएं और घर के अंदर की हीटिंग और नमी की कमी आपकी स्किन को परेशान कर सकती है। यही वजह है कि इस मौसम में आपकी स्किन अतिरिक्त केयर मांगती है।

**शहद:** ठंड के मौसम में स्किन केयर रूटीन में शहद का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। यूं तो शहद नेचुरली हाइड्रेटिंग है, लेकिन सर्दियों में यह कभी-कभी आपकी स्किन पर चिपचिपा और भारी लग सकता है। अगर आपकी स्किन संसेटिव है तो ऐसे में आपको इसे विंटर स्किन केयर रूटीन का हिस्सा नहीं बनाना चाहिए, क्योंकि यह पोर्स को क्लॉग कर सकता है।




**चीनी:** अपनी स्किन की बेहतर केयर करने के लिए आपने शुगर स्क्रब का इस्तेमाल तो किया होगा, लेकिन ठंड के मौसम में शुगर स्क्रब को अवॉयड करना ज्यादा अच्छा माना जाता है। दरअसल, इस मौसम में चीनी आपकी स्किन पर हार्श हो सकती है। जबकि यह एक नेचुरल एक्सफोलिएंट के रूप में काम करती है, लेकिन यह आपकी स्किन के नेचुरल ऑयल को हटा सकती है, जिससे आपका चेहरा अधिक रूखा व टाइटन महसूस हो सकता है। इसलिए, इससे बचना ज्यादा बेहतर ऑप्शन है।

**दूध:** जब नेचुरल स्किन केयर की बात की जाती है तो अक्सर लोग दूध का इस्तेमाल करना काफी पसंद करते हैं। इससे स्किन की क्लीनिंग से लेकर होममेड मास्क बनाए जाते हैं। लेकिन ठंड के दिनों में दूध में मौजूद लैक्टिक एसिड स्किन पर काफी हार्श हो सकता है। अगर आपकी स्किन पहले से ही सूखी या चिड़चिड़ी है, तो ऐसे में दूध की एसिडिटी आपकी स्किन को परेशान कर सकती है और रेडनेस व जलन पैदा कर सकती है।

**हल्दी:** हल्दी के औषधीय गुणों से तो हर कोई वाकिफ है और स्किन केयर रूटीन में इसे शामिल करने से आपको फायदा मिल सकता है। लेकिन अगर आपकी स्किन संसेटिव है तो ऐसे में आपको हल्दी को विंटर स्किन केयर रूटीन में शामिल करने से बचना चाहिए। इससे आपको स्किन में रिएक्शन या जलन की शिकायत हो सकती है। वहीं, हल्दी के इस्तेमाल से आपकी स्किन पर पीला निशान आ सकता है, जिसे साफ करना आपके लिए काफी मुश्किल हो सकता है।

## यंग गर्ल्स और बिगिनर्स के लिए बेस्ट रहेंगी रेडी टू वियर साड़ियां





फैशन

यदि आपको भी साड़ी पहनना नहीं आता या फिर इसको ड्रेप करना झंझट का काम लगता है, तो आज हम आपके लिए कुछ रेडी टू वियर साड़ियां लेकर आए हैं। जिनसे यंग गर्ल्स और बिगिनर्स आइडिया लेकर अपना काम आसान कर सकती हैं।



साड़ी पहनना अधिकतर हर भारतीय नारी को पसंद होता है। इसको पहनकर हर महिला का रूप और भी ज्यादा निखर जाता है, लेकिन साड़ी पहनने के बाद जितनी खूबसूरत लगती हैं। उससे पहले उसको बांधना सबसे कठिन होता है। कुछ लोग साड़ी ड्रेपिंग नहीं आने की वजह से ही साड़ी को पहनना स्किप कर देते हैं। यदि आपके साथ भी ऐसा ही होता है तो अब आपको साड़ी पहनने से पहले बिल्कुल सोचना नहीं पड़ेगा।

### प्रिंटेड रेडी टू वियर साड़ी

अनुष्का सेन लाइट पिंक कलर की प्रिंटेड टू वियर साड़ी में शानदार अंदाज में नजर आ रही हैं। साड़ी के साथ उन्होंने नूडल स्ट्रैप वाला पर्ल वर्क ब्लाउज कैरी किया हुआ है। साथ ही कमर पर मैचिंग बेल्ट भी पहनी है, जो कि उनके लुक को स्टाइलिश लुक दे रही है। पिंक साड़ी के साथ गोल्डन पर्ल बीड्स झुमकी परफेक्ट लुक दे रही है।

### विद आउट प्लेट्स साड़ी

यदि आपको हल्दी फंक्शन में कुछ अट्रैक्टिव लुक चाहिए तो आप इस तरह की विद आउट प्लेट्स येलो कलर की साड़ी को कैरी कर सकती हैं। साड़ी के किनारों पर मैचिंग कलर की कपड़े वाली लेस लगी हुई है। वहीं ब्लाउज को भी काफी डिजाइनर लुक दिया गया है। जिसके एक साइड में प्लेन विद कट स्लीव और दूसरी साइड में वर्क वाली वन फोर्थ स्लीव्स बाजू हैं। जिसे उनका लुक काफी मॉडर्न टच दे रहा है।

## हाइट है कम तो इस तरह स्टाइल करें अपने आउटफिट्स के साथ ऐसे बूट्स

अगर आपकी आपकी हाइट कम है और आप बूट्स में स्टाइलिश लुक चाहती हैं तो आप यहां बताए गए बूट्स को अपने आउटफिट्स के साथ स्टाइल करके वियर कर सकती हैं।

### एंकल बूट्स का करें चुनाव

शॉर्ट हाइट गर्ल्स अपने आउटफिट्स के साथ एंकल बूट्स वियर कर सकती हैं। इस तरह के बूट्स में आप स्टाइलिश नजर आएंगी। यह बूट्स शॉर्ट है और ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए आप इन्हें स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के बूट्स आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे जिन्हें आप सस्ते दाम में खरीद सकती हैं। इस तरह के जींस और स्कर्ट के साथ स्टाइल कर सकती हैं साथ ही आप बॉडीकॉन ड्रेस के साथ भी स्टाइल कर सकती हैं।

### हील्स वाले बूट्स करें स्टाइल

अगर आप चाहती हैं कि आपकी हाइट लम्बी नजर आए तो आप हील्स वाले बूट्स वियर कर सकती हैं। इस तरह के बूट्स में जहां आपकी हाइट लम्बी नजर आएंगी तो वहीं आप स्टाइलिश भी लगेंगी। इन बूट्स को आप जींस या ट्राउजर के



साथ स्टाइल कर सकती हैं।यह बूट्स आपको कई सारे कलर और डिजाइन में मिल जाएंगे जिन्हें आप अपने आउटफिट के हिसाब से खरीद सकती हैं।

### इन टिप्स को भी करें फॉलो

शॉर्ट हाईट गर्ल्स ब्लैक या ब्राउन कलर के बूट्स पहने इसमें आपका हाइट का कम पता चलेगा। अपन आउटफिट के हिसाब से न्यूड कलर के बूट्स का चुनाव करें और ये आपको लम्बा दिखाने में मदद करेंगे। बूट्स के साथ आप टॉप या शर्ट पहने ताकि आप लम्बी नजर आएं बूट्स के साथ अपने बालों को खुला करके स्टाइल करें या आप पोनी टेल हेयर स्टाइल भी बना सकती हैं।

## सर्दियों की पार्टी में दिखें सबसे अलग, फर स्वेटर करें स्टाइल

पार्टी लुक परफेक्ट बनाने के लिए हम अक्सर अलग-अलग डिजाइन के आउटफिट को स्टाइल करते हैं। सर्दियों में अक्सर हमें आउटफिट चूज करने में दिक्कत होती है। इसके लिए आप अलग-अलग डिजाइन वाले स्वेटर को वियर कर सकती हैं।

### कॉलर डिजाइन वाला फर स्वेटर

आप सुंदर दिखने के लिए कॉलर डिजाइन वाले फर स्वेटर को स्टाइल कर सकती हैं। फर स्टेवर पहनने के बाद अच्छा लगता है। इसमें आपको सिर्फ कॉलर और स्लीव्स पर फर पैटर्न मिलेगा। इसके अलावा सारा स्वेटर सिंपल डिजाइन में मिलेगा। इससे आपक लुक और भी ज्यादा अट्रैक्टिव नजर आएगा। आपको इसे ट्राई करना चाहिए। इसमें आपको कलर ऑप्शन कई सारे मिल जाएंगे। साथ ही, पैटर्न



भी आपको चेक या बॉक्स में मिल जाएगा। इस तरह के स्वेटर को आप डार्क कलर वाले बॉटम के साथ वियर कर सकती हैं। मार्केट में ये आपको 200 से 400 रुपये में मिल जाएंगे।

### बटरफ्लाई डिजाइन

आप पार्टी लुक के लिए बटरफ्लाई डिजाइन वाले स्वेटर को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको पूरे स्वेटर पर बटरफ्लाई वाला प्रिंट मिलेगा। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। इसके साथ आप ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी के साथ स्मोकी आई मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं। इसके साथ नीचे डेनिम जींस या ट्राउजर को स्टाइल करें। हेयर स्टाइल में पोनीटेल क्रिएट करें। इससे आपका लुक अच्छा नजर आएगा। मार्केट में इस तरह के स्वेटर आपको 300 से 500 रुपये में मिल जाएंगे।

### क्रॉप टॉप स्टाइल फर स्वेटर

आप पार्टी में अच्छा दिखने के लिए क्रॉप टॉप स्टाइल फर स्वेटर को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको आगे का हिस्सा ओपन मिलेगा। इसमें आपको नीचे टी शर्ट या टॉप स्टाइल करना पड़ेगा। तभी आपका लुक अच्छा लगेगा।

कार्नर न्यूज


### इस मौसम में सिर्फ अपना ही नहीं, बच्चों का भी रखें ध्यान

## सर्दियों में खास तरह से रखना चाहिए बच्चों की नाजुक त्वचा का ध्यान, जानें सही तरीका

*सर्दियों में बच्चों की त्वचा भी ठंड की वजह से काफी रूखी होने लगती है। ऐसे में आपको उनकी नाजुक त्वचा का खास तरह से ध्यान रखना चाहिए, जिसका सही तरीका हम आपको बताने जा रहे हैं। सर्दियों का मौसम शुरू होते ही लोग त्वचा के रूखेपन से परेशान होने लगते हैं। ऐसे में वो अपनी त्वचा का ध्यान रखने के लिए बाजार में मिलने वाले स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं, जोकि उनकी त्वचा को ग्लोइंग और चमकदार बनाने में मदद करते हैं।*

*अपना ध्यान तो हम सभी रख लेते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि सर्दी के मौसम में बच्चों को सबसे ज्यादा स्किन केयर की जरूरत होती है। यदि बच्चों की त्वचा का ध्यान सर्दी की शुरुआत में ही सही से नहीं रखा गया तो भरी सर्दी के बीच में परेशानी बढ़ सकती है।*

*ऐसे में यदि आपके घर पर भी कोई छोटा बच्चा है तो सर्दियों में उसका ध्यान खासतौर पर रखें। हम यहां आपको बच्चों के स्किन केयर के लिए कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं।*



### कोल्ड क्रीम लगाएं

सर्दियों में हवा में नमी कम होती है, जिससे त्वचा सूखी हो सकती है। ऐसे में बच्चे की त्वचा को मॉइश्चराइज रखने के लिए अच्छे मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें। ध्यान रखें कि बच्चों की त्वचा के लिए बाजार में अलग मॉइश्चराइजर मिलते हैं, जोकि बिना केमिकल के होते हैं। ये आपके बच्चे की त्वचा को हाइड्रेटेड और सॉफ्ट बनाए रखेंगे।

### हल्के गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें

कभी भी बच्चे को ज्यादा तेज गर्म पानी से न नहलाएं। इससे त्वचा का नेचुरल ऑयल कम हो सकता है। ऐसे में बच्चे को हमेशा हल्के गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। गुनगुने पानी से नहलाने से एक तो बच्चे को ठंड नहीं लगेगी, वहीं साथ ही में उनकी त्वचा की नमी भी बरकरार रहेगी।

### नहाने के बाद लगाएं मॉइश्चराइजर

बच्चे के नहाने के बाद उसकी त्वचा को अच्छी तरह से पोंछें और तुरंत मॉइश्चराइजर लगाएं ताकि नमी बनी रहे। यदि आप मॉइश्चराइजर नहीं लगाएंगे, तो बच्चे की स्किन अपने आप ड्राई होने लगेगी। कुछ दिनों में उनकी स्किन में पपड़ी भी जमने लगेगी।

### गीले कपड़ों से रखें दूर

सर्दी में कपड़े सुखाना काफी मुश्किल काम होता है। ऐसे में गीले कपड़े या ज्यादा डायपर लगाने से बच्चे को ठंड लग सकती है, जिससे उनकी त्वचा पर रैशेज हो सकते हैं। इसलिए उन्हें हमेशा सूखे और नरम कपड़े पहनाएं। बच्चों के कपड़े को धूप में अवश्य सुखाएं, ताकि उसमें से सीलन भी निकल जाए।

### सूरज की रोशनी से करें बचाव



अक्सर लोग सर्दी के मौसम में अपने बच्चे को नहलाकर धूप में बैठा देते हैं। जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। सर्दियों में सूरज की रोशनी भले ही हल्की लगती है, लेकिन बच्चे की त्वचा के लिए ये काफी हानिकारक होती है। ऐसे में बच्चे की त्वचा पर सनस्क्रीन का इस्तेमाल करने के बाद ही उन्हें धूप में बैठाएं।